आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 23 अगस्त 2023 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-145 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 अगस्त 2023 रू. 1.00


# मुख्यमंत्री के करीबियों पर ईडी के छापे

## राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा व ओएसडी आशीष वर्मा के ठिकानो में जांच



■ रायपुर 23 अगस्त।

केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ में फिर दबिश दी है। रायपुर और भिलाई में ईडी के छापे के बाद ईडी ने सूबे के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी और स्टाफ को निशाना बनाया है। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम सीएम के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा के निवास पर जांच कर रही है। साथ ही सीएम के ओएसडी मनीष बंछोर, आशीष वर्मा और उनके एक करीबी कारोबारी विजय भाटिया के यहां भी छापे की कार्रवाई कर रही है। मीडिया में ऐसी खबरें चल रही हैं। गौरतलब है की मुख्यमंत्री का आज जन्मदिन है ऐसे में ईडी के छापे को जनता बदले की भावना की नजर से देख रही है। बता दें कि कथित शराब और कोयल परिवहन घोटाला को लेकर ईडी प्रदेश में लगातार छापे की कार्रवाई कर रही है। इन दोनों मामलों में ईडी अब तक दर्जनभर से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें आईएएस समीर विश्नोई, रानू साहू और उप सचिव सौम्या चौरसिया सहित सीएम के कुछ करीबी नेता भी शामिल हैं।

### कांग्रेस को डराने गंदे हथकंडेः वेणुगोपाल

रायपुर। कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने ट्वीट कर लिखा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के स्टाफ सदस्यों के यहां ईडी के द्वारा की गई कार्रवाई की निंदा करते हैं. आगामी चुनाव की दौड़ से पूरी तरह बाहर हो चुकी बीजेपी कांग्रेस को डराने-धमकाने के लिए अपने गंदे हथकंडे अपना रही है. हालांकि, हमें 3 करोड़ छत्तीसगढ़ियों का समर्थन प्राप्त है और इस तरह की घटिया रणनीतियां हमें प्रभावित नहीं करेंगी, लेकिन वे केवल भाजपा की हताशा को दर्शाती हैं. कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ट्वीट कर कहा, छत्तीसगढ़ में आज की जा रही ईडी रेड्स हार से घबराई हुई भाजपा करवा रही है. पिछले कुछ दिनों में कई सर्वेज़ में भाजपा की भारी हार दिखाई जा रही है. कांग्रेस की सरकार के पीछे छत्तीसगढ़ लोगों की जनता की ताक़त है. हमें डराया नहीं जा सकता।

### मोदी और शाह ने मुझे जन्मदिन पर अमूल्य तोहफा दिया

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट किया है। सीएम बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मेरे जन्मदिन पर अमूल्य तोहफा दिया है। प्रवर्तन



निदेशालय (ईडी) की छापामार कार्रवाई पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि भाजपा जिस तरह से ये हथकंडे अपना रही है, उसे जनता देख रही है. भाजपा को जनता करारा जवाब देगी.मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा में ईडी की कार्रवाई को लेकर कहा कि कांग्रेस का राष्ट्रीय महाधिवेशन चल रहा था तब भी कार्रवाई हुई थी. अब चुनाव है तो मेरे स्टॉफ से जुड़े लोगों पर कार्रवाई हुई है. छत्तीसगढ़ में कार्रवाई का निम्न स्तर है. अति का अंत होगा. भाजपा को 15 साल की सीट मिली थी, वो भी नहीं रहेगी. छत्तीसगढ़ ही नहीं देश भर में इसका व्यापक असर होगा. 2024 में भी जनता जवाब देगी।

### कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ में ईडी के छापे का कांग्रेसियों ने विरोध किया है. मुख्यमंत्री के राजनीतिक



सलाहकार विनोद वर्मा के यहां ईडी का छापा पड़ने पर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने घर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया. वहीं भिलाई में सीएम के ओएसडी आशीष वर्मा के घर के बाहर भी समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी हुई है. ढोल नगाड़ों के साथ कार्यकर्ता ईडी के छापे का विरोध कर रहे और पीएम, ईडी मुर्दाबाद के नारे लगा रहे।

# जन्मदिन पर सीएम ने डेढ़ सौ फीट लंबा केक काटा



■ रायपुर 23 अगस्त।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर मल्टीलेवल पार्किंग में डेढ़ सौ फीट की लंबाई वाला केक काटा। मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर यह स्पेशल केक बोंजेलो द्वारा तैयार किया गया है। डेढ़ सौ फीट की लंबाई वाले इस केक का कुल वजन 430 किलोग्राम है। बेकिंग और आइसिंग डिवीज़न के 65 लोगों की टीम ने 24 घंटे की मेहनत से इसे तैयार किया है। पूरे केक में छत्तीसगढ़ सरकार की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाएं एवं मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की तस्वीरों की मिनी स्टैंडी लगाई गई है।

### राष्ट्रपति व पीएम ने दी बधाई

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 63वां जन्मदिन मना रहे हैं. ऐसे में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने जन्मदिन की बधाई देकर लंबी उम्र की कामना की. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने फोन पर बधाई और शुभकामनाएं दी. वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट करते हुए जन्मदिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी. उन्होंने भूपेश बघेल के सुदीर्घ और स्वथ्य जीवन की कामना की। वहीं छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दूरभाष पर आज उनके जन्म दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी. राज्यपाल ने भूपेश बघेल के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की. कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दूरभाष पर आज उनके जन्म दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने मुख्यमंत्री बघेल के स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना की.

उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने ट्वीट कर लिखा, छत्तीसगढ़ के ओजश्वि मुख्यमंत्री भूपेश जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई. आप जिएं हजारों साल, साल के दिन हों एक हज़ार. ईश्वर से आपके चिरंजीवी और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं.

रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा, कसडोल विधायक शकुंतला साहू, दुर्ग विधायक अरुण वोरा समेत कई नेताओं ने जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री को दी बधाई.

मुख्यमंत्री को बधाई देने वालों का तांता आज दिनभर सीएम हाउस में लगा रहा। पूरे प्रदेश से उनके चाहने वाले पहुंचे थे। बधाई देने लोगों की लंबी लाइन लगी थी।

# आज शाम चांद से होगा चंद्रयान-3 का मिलन

■ बेगलुरू 23 अगस्त।


भारत के मून मिशन यानी चंद्रयान-3 आज शाम को चंद्रमा की सतह पर लैंड करने के लिए पूरी तरह से तैयार है. चंद्रमा की सतह पर लैंड करते ही भारत चांद के साउथ पोल पर पहुंचने वाला पहला देश बन जाएगा. चंद्रयान-3 का लैंडर-रोवर चांद पर 1 दिन काम करेगा, यानी पृथ्वी के 14 दिन के बराबर. इसरो के इस महत्वाकांक्षी मिशन से पूरे देश की उम्मीदें जुड़ी हैं. चंद्रयान-3 ने सारे देश को एक कर दिया है. मंदिरों में प्रार्थना हो रही है. मस्जिदों में दुआ मांगी जा रही है. सारा देश चंद्रयान-3 को लेकर उत्साहित हैं। भारत का तीसरा मून मिशन चंद्रयान-3 14 जुलाई को लॉन्च हुआ था. इसे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से छोड़ा गया था. अब 40 दिन बाद लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) आज शाम 6ः04 बजे चंद्रमा के साउथ पोल पर लैंडिंग करेंगे. चंद्रयान-3 को भेजने के लिए खक्रू3 लॉन्चर का इस्तेमाल किया गया.चांद पर 14 दिन तक दिन और अगले 14 दिन तक रात रहती है।

# काकी ने कका' के माथे पर लगाया तिलक, खिलाई मिठाई

**रायपुर 23 अगस्त।** आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन है। ऐसे में आज सुबह से ही उनके घर-आंगन में खुशियों का माहौल है। उनकी पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल ने पहले पूजन-अर्चन करने के बाद भूपेश बघेल जी के माथे पर तिलक लगाया। वहीं अपने प्रदेश में भूपेश बघेल और उनकी पत्नी को सभी प्यार से कका और काकी के नाम से भी जानते हैं। आज परिवार वाले भी कका के जन्मदिन पर उन्हे बधाई देने सीएम हाउस पहुंचे।










एक नजर



## महिला सेल प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को सायबर कानून की जानकारी दी

**कवर्धा, 23 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक श्रीमान अभिषेक पल्लव सर के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमान हरीश राठौर सर के मार्गदर्शन में महिला सेल कबीरधाम एवं थाना कवर्धा कबीरधाम के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय हाई स्कूल छिरहा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला सेल प्रभारी विजया कैवर्त एवं सहायक उप निरीक्षक उमा बल्ले के द्वारा उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को कानूनी अधिकार, मानव तस्करी, बाल विवाह, साइबर अपराध, हमर बेटी हमर मान एवं अभिव्यक्ति के संबंध में जानकारी देते हुए जागरूकता किया गया जिसमें स्कूल के प्रिंसिपल रमेश चंद्रवंशी, शिक्षिका श्रीमती कल्पना मेरावी, कुमारी रंजीता महेश्वरी एवं महिला सेल से आरक्षक चंद्रशेखर चंद्राकर महिला आरक्षक प्रेमलता दिवाकर, रुकमणी मेरावी एवं थाना कवर्धा से महिला आरक्षक कामिनी चंद्रवंशी उपस्थित रहे ।

## कोयले की जगह कचरा पहुंचाया, जुर्म दर्ज

**भिलाई, 23 अगस्त।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी के लिए विशाखापतनम से पेटकोक (कोयला) की खेप लेने गए ट्रक ड्राइवर और ट्रांसपोर्टर ने मिलकर छह लाख रुपये का पेटकोक बेचकर उसकी जगह कचरा लाकर खपा दिया। कंपनी की लैब में जांच होने के बाद आरोपितों की हरकत के बारे में पता चलने पर सीमेंट कंपनी प्रबंधन ने मुख्य ट्रांसपोर्टकर्ता कंपनी पर चार लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया। इसके बाद ट्रांसपोर्ट कंपनी के अधिकारी ने नंदिनी थाने में घटना की शिकायत की इसके आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अमानत में खयानत की धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है नंदिनी टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि शशि कुमार पांडेय निवासी ग्राम बामी लालगंज जिला मिर्जापुर वर्तमान में वार्ड तीन अहिवारा के किराये के मकान में रहकर आरके रोडवेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी हीरापुर रायपुर में सुपरवाइजर का काम करता है। उक्त कंपनी अहिवारा के गिरहोला स्थित जेके लक्ष्मी सीमेंट के लिए पेटकोक (कोयला) और सीमेंट परिवहन का काम करती है कंपनी में कई शहरों के ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियां चलती हैं। एक ट्रांसपोर्टर मन्नूलाल कोतरे की ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमएफ 4550 को 13 अगस्त को उसका ड्राइवर दिनेश लेकर विशाखापतनम गया था। जहां से उसे पेटकोक लेकर कंपनी आना था। आरोपित दिनेश 16 अगस्त को पेटकोक की खेप लेकर नंदिनी पहुंचा और उसे कंपनी के गोदाम में खाली किया। जब कंपनी के लैब में उस पेटकोक की जांच की गई तो वह कचरा निकला। आरोपित चालक दिनेश ने ट्रक मालिक मन्नू लाल कोतरे की सहमति से 23.31 टन पेटकोक को किसी और से बेच कर छह लाख रुपये का गबन किया वहीं कंपनी में कचरा पहुंचाने के आरोप में कंपनी ने ट्रांसपोर्टकर्ता कंपनी पर चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इसके बाद कंपनी के सुपरवाइजर शशि कुमार पांडेय ने नंदिनी थाने में शिकायत की।

## पड़ोसी पर कटर से किया हमला

**भिलाई, 23 अगस्त।** भिलाई ग्राम जोरातराई निवासी एक ने अपने पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति पर कटर से जानलेवा हमला किया। हमले के पहले आरोपितों ने पीड़ित की पत्नी से मारपीट की थी। इसकी शिकायत करने के लिए वह भतीजे और देवरानी के साथ उतई थाने जा रही थी। इसी दौरान आरोपितों ने उसके पति पर जानलेवा हमला कर दिया घटना की शिकायत पर उतई पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की है पुलिस ने बताया कि ग्राम जोरातराई निवासी ममता महिलांगे की शिकायत पर उसके पड़ोसी दुरनो उर्फ द्रौण उड़िया और उसकी पत्नी नेहा उड़िया के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। 20 अगस्त की रात को करीब साढ़े आठ बजे दुरनो उर्फ द्रौण उड़िया शिकायतकर्ता ममता के घर पर गया था। उसे पीड़ित के घर पर देखकर दुरनो की पत्नी ने गाली गलौज शुरू कर दी कि उसके पति का ममता से अवैध संबंध है पीड़ित और उसकी पत्नी ने गाली गलौज करने पर मना किया तो नेहा ने उसके घर पर जाकर हाथापाई शुरू कर दी। इस पर शिकायतकर्ता ममता महिलांगे ने डायल 112 पर फोन कर दिया पुलिस के आने पर आरोपित दंपती शांत हो गए इसके बाद ममता अपने भतीजे गोलू उर्फ जीतू महिलांगे और देवरानी सरोज के साथ उतई थाने जा रही थी इसी दौरान उसके घर के सामने किराने की दुकान चलाने वाले ने फोन कर उसे जानकारी दी कि आरोपित नेहा उड़िया और उसका पति दुरनो उर्फ द्रौण उड़िया उसके घर में घुसकर उसके पति से मारपीट कर रहे हैं। ये जानकारी मिलने पर वे लोग रास्ते से वापस अपने घर लौटे तो उन्होंने देखा कि दोनों आरोपित उसके पति पर कटर से वार कर रहे थे उन्हें देखकर दोनों आरोपित वहां से निकल कर चले गए घायल संतोष महिलांगे को अस्पताल पहुंचाया गया और वहां से थाना जाकर आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई ।

इस मौके पर बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता उनके साथ रहे

# मंत्री अकबर ने पार्टी की प्रक्रिया के अनुसार कवर्धा से टिकट के लिए किया आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 23 अगस्त।** कांग्रेस पार्टी ने इस बार विधानसभा चुनाव के लिए प्रक्रिया निर्धारित की है कि चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी में आवेदन करना होगा।इसी प्रक्रिया के तहत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी अपनी सीट पाटन से चुनाव लडने अपना आवेदन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपा है।आज कैबिनेट मंत्री तथा कवर्धा के विधायक मोहम्मद अकबर ने कवर्धा से चुनाव में प्रत्याशी बनने अपना आवेदन ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्षों व जिला कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपा।मोहम्मद अकबर के कवर्धा से चुनाव लडने की खबर से जिले के कांग्रेसजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है।



मंत्री अकबर आज जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष होरीराम साहू के कार्यभार ग्रहण के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन ग्राम छीरहा पहुंचे थे।उन्होंने विधानसभा चुनाव 2023 में कवर्धा से प्रत्याशी बनने हेतु आवेदन ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्षगणों मोहित महेश्वरी,रामचरण पटेल,पीताम्बर वर्मा सहित जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरीराम साहू को सौंपा।इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनो ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद,मल्लिकार्जुन खरगे जिंदाबाद,सोनिया गांधी जिंदाबाद,राहुल गांधी जिंदाबाद,भूपेश बघेल जिंदाबाद,मोहम्मद अकबर जिंदाबाद के नारे लगाए।कवर्धा से मोहम्मद अकबर की दावेदारी से कांग्रेसजनों में जबर्दस्त उत्साह का संचार हो गया है।उल्लेखनीय है कि मोहम्मद अकबर वर्ष 1993 से कबीरधाम जिले में चुनाव लड़ रहे हैं।वे कबीरधाम जिले से विधायक रहते हुए प्रदेश सरकार में दो बार मंत्री बने हैं। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने कहा की मोहमद अकबर भइया जीत का इतिहास रचेंगे ।

## ममता चंद्राकर ने पंडरिया विधानसभा से किया दावा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 23 अगस्त।** पंडरिया विधानसभा प्रथम महिला विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर जी ने राजीव भवन कवर्धा पहुंच कर विधानसभा चुनाव के लिए ठोका दावा। पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओ व समर्थकों के साथ 30 से अधिक गाड़ियों के काफ़िला के साथ राजीव भवन कवर्धा पहुंच कर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष होरी राम साहू की उपस्थिति में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ठाठापुर (रामपुर) के अध्यक्ष शेषनारायण बैस जी को और कवर्धा ब्लांक के ब्लांक अध्यक्ष होरी राम साहू जी को भी आवेदन दिए। आवेदन प्रस्तुत



करने के उपरांत उपस्थित सरपंचों व सुसाइटी अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं ने मा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेश कांग्रेस कमेटी शीर्ष नेतृत्व से निवेदन किए कि आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए एक बार फिर से विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर जी को पुनः पंडरिया विधानसभा से टीकट दें जिससे पुरे क्षेत्र में विकास हो सके।

# बाबा दरबार धनोरा से निकाली गई कांवड़ यात्रा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 23 अगस्त।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में सावन सोमवारी के पावन पर्व पर धुम धाम गांजे बांजे के साथ कांवड़ यात्रा निकाला गया शाम 4 बजे दरबार से कांवड़ मे जललेकर महिलाएं एवं बच्चे झुमते नाचते हर हर महादेव के जयकारों के साथ बजरंग पारा बाजार चौक शितला पारा मेनगली होते कर्मा चौक गोल्डन चौक होते हुए महावीर उद्यान पहुंचे जहां पर विराजे भुत भावन भुत भावन भोले नाथ जी पर जल चढ़हाकर कांवड़ यात्रा स्थगित किया गया एवं 21 अगस्त सोमवार को सुबह 10 बजे से भगवान भुतभावन भोलेनाथ जी का अभिषेक पुजा पाठ विधि विधान से लक्ष्मण बाबा एवं पंडित गिरीराज शर्मा के द्वारा सम्पन्न कराया गया जिसमें हजारों भक्तों ने इस अभिषेक कार्यक्रम में भाग लिया दोपहर 1 बजे से नवजागृती महिला मानस मंडली गया नगर दुर्ग के बहनो दुवारा भगवान भोलेनाथ के कथा प्रसंग में प्रकाश डाला जिनको सुनकर भक्तों ने झुम कर नाचने लगे एवं कथा में भाव-विभोर हो गया शाम 4 बजे से कुंज लाल साहू के द्वारा खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया जिसमें करीब 5 हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया 7 कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे दो दिन तक लक्ष्मण बाबा जी राजू यादव विनोद साहू नंद पंडा मनोज पटेल गज्जू रायपुरीया बबलू साहू गुलाब साहू मनसुखा साहू कुंज लाल जीवराखन ठेकेदार भोलू साहू चीन्टू साहू दिनेश साहू ओमकार साहू तोमन गजपाल दानू साहू एमलाल देवांगन कल्याण देवांगन बाबू लाल ठेकेदार योगेश साहू उमेश साहू डॉ धनेशवर साहू मारियल साहू गुमान टीकम साहू रुपलाल साहू चेतन साहू वासुदेव सपरे उपसरपंच कुणाल साहू संदीप सेन प्रमोद सेन कुंभकरण पटेल हेमंत तेली भजन गायक रोशन साहू एवं श्रीमती बबीता साहू ललीता यादव सुनीता साहू नीरा साहू लक्ष्मी साहू देवश्री साहू देवकी साहू संगीता सपरे हितेश पटेल कौशिल्या सेन दशरी बाई पटेल टीकेशवरी साहू दुर्गा साहू कु डिम्पल साहू कु पुजा साहू कु वेदू साहू कु निशा सेन कु विननी साहू कु सुरुचि छोटी कु नेहा साहू आदि भक्तों का विशेष सहयोग रहा यह जानकारी दरबार प्रति नीधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी ।

# खटाल में काम करने वाले कर्मचारी ने संचालक को लगाया लाखों का चूना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 अगस्त।** भिलाई कुम्हारी के एक खटाल में काम करने वाले व्यक्ति ने खटाल संचालक को ही साढ़े तीन लाख रुपये का चूना लगा दिया। आरोपित मवेशी खरीदने के नाम पर रुपये और खटाल संचालक की बाइक लेकर धमतरी गया था और वहां से फरार हो गया आरोपित के जाने के बाद उसके परिवार के लोग भी खटाल छोड़कर लापता हो कगए। खटाल संचालक की शिकायत पर कुम्हारी पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अमानत में खयानत की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तलाश शुरू की है पुलिस ने बताया कि डीएमसी गेट के सामने कुम्हारी निवासी शिकायतकर्ता हरिगोविंद गोस्वामी की डीएमसी कटिंग के पास ही सुरभि गोशाला नामक खटाल है वहां पर धमतरी निवासी आरोपित नागेंद्र साहू उर्फ संतोष उर्फ देवा करीब पांच महीने से काम कर रहा था पूर्व में आरोपित ने शिकायतकर्ता को मवेशी खरीदने के लिए धमतरी लेकर गया था।

लेकिन पसंद न आने खटाल संचालक ने की कुम्हारी थाने में शिकायत पुलिस ने अमानत में खयानत की धारा के तहत दर्ज की रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता ने कोई मवेशी नहीं खरीदा था इसके




बादद आरोपित ने दो अगस्त को शिकायतकर्ता से कहा कि धमतरी के देवपुरी में अच्छे मवेशी बिकने के लिए लाए गए हैं। इस पर शिकायतकर्ता ने उसे साढ़े तीन लाख रुपये दिए आरोपित उन रुपयों को लेकर शिकायतकर्ता की बाइक से मवेशी खरीदने के लिए धमतरी गया। इसके बाद उसके परिवार वाले भी जरूरी काम होने की बात कहकर खटाल से चले गए। उनके जाने के बाद आरोपित ने अपना मोबाइल बंद कर दिया और उसके बाद से उसके या उसके परिवार वालों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली शिकायतकर्ता ने आरोपित की पतासाजी की। कोई जानकारी न मिलने पर उसने कुम्हारी थाने में शिकायत की ।

कृषि कॉलेज धनोरा के छात्रों ने किया आयोजन

# पीआरए और समूह चर्चा में किसानों ने बताई अपनी समस्याएं




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 23 अगस्त। छग कृषि महाविद्यालय धनोरा रिसाली के रावे छात्रों ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम अंतर्गत आदर्श ग्राम कोड़िया में पीआरए एवं किसानों के साथ समूह चर्चा का आयोजन किया। पीआरए एवं किसानों के साथ हुई समूह चर्चा में उन्नत कृषि, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, समन्वित फसल प्रबन्धन सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान प्रमुख रूप से छग कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस. रॉय, रावे समन्वयक विवेक पांडेय, नेयुके मास्टर ट्रेनर एवं पीआरए प्रशिक्षक आदित्य भारद्वाज, नेयुके दुर्ग एनवाईवी एवं शौर्य संगठन कार्यक्रम समन्वयक यादवेंद्र साहू सहित ग्राम के उन्नत किसान चेतन दीपक, राजूलाल साहू, संतोष यादव, सुखऊ, जयपाल, श्यामलाल, उमेश साहू, हिरामन, देवनाथ, नोहर, भुनेश्वर, प्रभु, लोकनाथ, ललित, होमन, केशव, ढालसिंह, हीरालाल, ईश्वरप्रशाद, पतिराम, लतखोर निषाद विशेष रूप से उपस्थित थे।रावे समन्वयक एवं सहायक प्राध्यापक विवेक पांडेय ने बताया सहभागी ग्रामीण आंकेक्षण पीआरए कार्यक्रम में गांव का जल विज्ञान मानचित्र, संसाधन मानचित्र एवं सामाजिक मानचित्र बनाया गया। इन मानचित्रों व सर्वे के आधार पर किसानों से समूह किया गया और चर्चा से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर किसानों की समस्याओं का विश्लेषण किया गया।कार्यक्रम में किसानों के साथ हुई चर्चा में किसानों ने समस्याओं पर प्रकाश डाला जिसमें सरकारी योजनाओं का किसानों तक नहीं पहुँचने, 6 घंटे बिजली कटौती, उर्वरक की अनुपलब्धता, घटते जलस्तर, बन्दर की समस्या, कृषि में कुशल मजदूरों की कमी सहित कई समस्याएं शामिल है।कार्यक्रम को सफल बनाने में आकांक्षा, अमृत, अनीषा, अनुराग, आर्यन, आशिरा, आस्था, छत्रपाल, दमयंती, दीप्ति, देवशंकर, ईश्वर, जान्हवी, कारगिल, कुणाल, कुनिका, मनीष, मनोज, निशांत, ओमशंकर, पारख, प्रज्ञा, रितेश, सुदीप, तरुण, थामस, उमाकांत, वेनिका, विपिन, यशराज, रितिका, खुशबू, अमन, निकिता, वैभव, होषांगी सहित ग्रामीण किसान एवं छग कृषि महाविद्यालय के छात्रों का विशेष योगदान रहा।

## जल शक्ति मंत्रालय की केंद्रीय टीम ने जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण



**कवर्धा।** जल शक्ति मंत्रालय दिल्ली की दो सदस्य टीम द्वारा कबीरधाम जिले के अंतर्गत जल जीवन मिशन की प्रगतिरत योजनाओ का निरीक्षण किया गया । जल शक्ति मंत्रालय नई दिल्ली के पदाधिकारी ( नेशनलवाश एक्सपर्ट ) शिश्यपाल सेठी और मैथ्यू जार्ज ने हर घर से जल योजना से संबंधित ग्राम बानो, कुआं, रेंगाखारखुर्द और बरपेलाटोला में जल जीवन मिशन की जानकारी ली तथा इस संबंध में लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता जे पी गोंड एवं सहायक अभियंता डी एस राजपूत एवं उप अभियंता सुधीर कुमार श्रीवास्तव के साथ हर घर नल जल योजना की विस्तार से चर्चा की । निरीक्षण के दौरान गांवो में उपस्थित ग्रामीणों को इस महती के बारे में जानकारी दी तथा मौके पर एफ टी के से ग्रामीणों के द्वारा पेयजल का परीक्षण कराया गया । ग्रामीणों को बताया गया की आगामी दिनों में स्वीकृत एवं प्रगतिरत योजनाओ से हर घर को नल जल से लाभान्वित किया जाएगा । इसी क्रम में आगामी दिनों में ग्राम दुल्लापुर बाजार, झिरियाखुर्द, गौरकांपा, मंजगांव, रामहेपुरखुर्द, घोठिया, कोदवा, बटुवाकछार का भी निरीक्षण किया जाएगा ।

## 4 माह से लापता युवती के पिता ने लगाई गृहमंत्री से गुहार

**भिलाई, 23 अगस्त।** बीते चार माह से लापता जुनवानी आनंद नगर की रहने वाल 20 वर्षीय साक्षी ठाकुर की तलाश के लिए पिता दिनेश सिंह ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से गुहार लगाई है। सोमवार को दुर्ग के राजीव भवन में उन्होंने सीएम बघेल से मुलाकात की और साक्षी ठाकुर की पतासाजी के लिए सार्थक पहल करने की अपील की। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आनंद नगर, जुनवानी निवासी दिनेश सिंह की बेटी साक्षी ठाकुर (20) बीते 24 अप्रैल 2023 से लापता है। 23 अप्रैल 2023 की शाम को मोबाइल पर मेडिटेशन सिखाने वाले एक ऑनलाइन क्लास को लेकर पिता ने डांट लगाई थी। इसके बाद दूसरे दिन 24 अप्रैल की सुबह 11 बजे वह बिना किसी को कुछ बताए घर से चली गई।



# रोका-छेका अभियान में मवेशी को आवारा नहीं छोड़ने पशुपालकों ने ली शपथ

**भिलाई, 23 अगस्त।** शहर के सड़क, बाजार, चौक चौराहो में घुमने वाले मवेशियों को अब एनिमल टैगिंग कर विशेष पहचान दिया जायेगा, जिससे रोका छेका संकल्प अभियान के तहत बार-बार पकड़े जा रहे मवेशी के मालिक के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जा सके। पशु पालको ने मवेशियों को खुले में नही छोड़ने का शपथ भी लिया। शहर में आवारा घुमने वाले मवेशियों के विरूद्ध शासन के निर्देशानुसार रोका छेका संकल्प अभियान सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में चलाया जा रहा है। पशुओं को निगम का राजस्व अमला पकड़कर गौठान में छोड़ रहे है, जिसे पशु मालिक छुड़ाकर ले आते है और उन्हे फिर से शहर में विचरण के लिए छोड़ देते है। अब निगम क्षेत्र के सभी मवेशियों का एनिमल टैगिंग किया जायेगा। भिलाई निगम क्षेत्र के पशुपालकों के साथ हुई बैठक में यह निर्धारित किया गया कि सभी मवेशियों को एनिमल टैगिंग आवश्यक रूप से किया जाना है, जिससे कि बार बार पकड़ने जाने वाले मवेशी मालिक के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा सके। मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओ को रोकने निगम की टीम नेशनल हाईवे सहित निगम क्षेत्र के सभी मुख्य सड़कों से मवेशियों को पकड़ रहे है ताकि यातायात में कोई बाधा न आये। पशुपालकों के साथ निगम सभागार में आयोजित बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा कि सड़क पर मवेशियों के झुण्ड में चलने और बैठे रहने की वजह से वाहन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, निगम ऐसे मवेशियों को हटाने लगातार कार्यवाही कर रहा है इसमें आप सभी पशुपालकों की सहभागिता भी जरूरी है यह अभियान तभी सफल होगा। उन्होंने



पशुपालकों से कहा कि अपने मवेशी को खुला न छोड़े ताकि होने वाले दुर्घटना से वाहन चालक बचे रहें और पशुधन की भी हानि न हो, उन्होने कहा कि मवेशी को किसी भी प्रकार से नेशनल हाइवे और मुख्य मार्ग में नहीं ले जाये। कई मवेशी बहुत हिंसक होते है उन्हें पकड़ना भी मुश्किल होता है। मवेशियों को चराने के लिए ले जाते समय उसके साथ एक चरवाहा अवश्य रहे। बैठक में एनयूएलएम की नोडल प्रीति सिंह और रोका छेका अभियान के नोडल अनिल सिंह, सभी जोन के सहायक राजस्व अधिकारी, मिशन मैनेजर अमन पटले उपस्थित रहे।

अब जुर्माना भी लगेगा - रोका छेका अभियान के तहत सड़क से पकड़े जाने वाले अवारा मवेशी को छुड़ाने के लिए आने वाले पशुपालकों से अब जुर्माना वसूला जाएगा। इसके लिए दंडात्मक शुल्क भी निर्धारित किये गए है। पहली बार पकड़े जाने पर मवेशी के मालिक से 1000रु, दूसरी बार पकड़े जाने पर 2000रु और तीसरी बार पकड़े जाने पर 3000रु के साथ मवेशी मालिक के विरूद्ध अपराध दर्ज कराया जाएगा। सभागार में आयोजित बैठक में उपस्थित सभी पशुपालकों ने संकल्प अभियान के तहत अपने मवेशी को खुला नहीं छोड़ने, व्यवस्थित तरीके से पशुओ को रखने जिससे किसी भी जनधन व पशुधन की हानि रोकने में अपना सहयोग करने की शपथ लिए।

## दासगुप्ता ने किया बिल भुगतान के लिए ऑनलाइन पोर्टल का उद्घाटन

**भिलाई, 23 अगस्त।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा 21 अगस्त को बीएसपी टाउनशिप के थर्ड पार्टी उपभोक्ताओं को एसएमएस के माध्यम से बिल भुगतान की सुविधा प्रदान करने हेतु ऑनलाइन पोर्टल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) ए के पंडा, मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी एवं बीई) सुश्री निशा सोनी, महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) विजय कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (सी एंड आई टी) सुश्री नीना जायसवाल, महाप्रबंधक (सी एंड आई टी) समीर गुप्ता, उप महाप्रबंधक (सी एंड आई टी) सुश्री निधी चंद्राकर, सहायक महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) आर गर्ग सहित सी एंड आई टी तथा नगर सेवाएं विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा उपस्थित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगणों ने सी एंड आईटी तथा नगर सेवाएं विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस नई सुविधा के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिल भुगतान में बहुत आसानी होगी। समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा जिससे पेनाल्टी से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। ऑनलाइन भुगतान से पेपरलेस वर्किंग प्रक्रिया में गति आएगी। मुख्य महाप्रबंधक (सी एंड आई टी) सुश्री सोनाली मुखर्जी के मार्गदर्शन और सी एंड आई टी की टीम के साथ मिलकर नगर सेवाएं विभाग के अधिकारियों ने मिलकर इस एप्प को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

## योगी ने बैडमिंटन प्रति. जीत भिलाई का नाम किया रौशन



**भिलाई, 23 अगस्त।** 22वीं राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 29 जुलाई से 02 अगस्त 2023 के मध्य सूरजपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में भिलाई के यश योगी ने स्टेट चैम्पियनशिप का खिताब चौथी बार जीतकर भिलाई का नाम रौशन किया है। यश योगी, बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत शिव कुमार योगी के सुपुत्र है। इनके पिता शिव कुमार योगी, बैडमिंटन के अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच भी रह चुके है। यश योगी छः बार इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे जिनमें से चार बार उन्होंने खिताब अपने नाम किया है। विगत 15 वर्षों से भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से खेलते हुए इंटरनेशनल व नेशनल चैम्पियनशिप में भारत तथा भिलाई इस्पात संयंत्र का नाम रौशन कर रहे है। राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता जीतने के साथ ही यश योगी इंडोनेशिया में आयोजित होने वाले बैडमिंटन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## हाउसकीपिंग एवं सेफ्टी पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत



**भिलाई, 23 अगस्त।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-2 विभाग द्वारा विभागीय सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने और श्रमिकों में जागरुकता के लिए हाउस-कीपिंग एवम सेफ्टी पोस्टर प्रतियोगिता का प्रतिमाह आयोजन किया जाता है। इसी के तहत अगस्त माह में आयोजित हाउस-कीपिंग एवम सेफ्टी पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री द्वारा एसएमएस-2 के सभागार में पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार श्रीमती सुमन पांडे, द्वितीय पुरस्कार मेसर्स टीपीएल (टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड) के जीवन लाल तांदी और तृतीय पुरस्कार मेसर्स टीपीएल (टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड) के मोरध्वज वर्मा एवम बीएसपीकर्मी छत्रअपल की पुत्री कुमारी भव्या सिन्हा ने प्राप्त किया।


छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को
जन-जन में स्थापित करने वाले
छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र
माननीय मुख्यमंत्री
श्री भूपेश बघेल जी को
जन्मदिन की
शुभकामनायें !
दीपक बैज
(अध्यक्ष छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी)
छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी


जीवते् शरदः शतम्...
छत्तीगसढ़ की राजनीति में
विश्वास के प्रतीक
मान. श्री भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री छ.ग.
को जन्मदिन पर
हार्दिक शुभकामनायें...
23 अगस्त
सुशील आनंद शुक्ला
(अध्यक्ष-प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग)
समस्त कांग्रेसजन रायपुर लोकसभा क्षेत्र

संपादकीय

## बड़ा उत्साह दिखा आवेदन के लिए

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कुछ ही महीने बाकी हैं। चुनाव की तारीखों को सभी राजनीतिक दलों को इंतजार है।भाजपा ने चुनाव तारीखों के पहले अपने 21 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। स्वाभाविक है कि बाकी दल भी प्रत्याशी चयन की तैयारी तेज करें। कांग्रेस में ब्लाक लेबल पर आवेदन लेना शुरू कर दिया है। रायपुर चारों विधानसभा सीटों के लिए कांग्रेसजनों ने उत्साह से आवेदन जमा किया है। सभी सीटों के लिए एक से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन जमा कर दिए हैं। हर राज्य में कुछ सीटें ऐसी होती हैं वह खास होती हैं क्योंकि उस सीट पिछले पांच से सात चुनाव से एक ही व्यक्ति चुनाव जीत कर आता रहा है। यानी ऐसी सीटों को राजनीतिक दल जीती हुई सीट मानते हैं। यानी ऐसी सीटों का प्रत्याशी सामानय तौर पर राजनीतिक दल बदलते नहीं हैं। उस सीट पर उसी व्यक्ति को टिकट दिया जाता है, या उसके परिवार के किसी व्यक्ति को टिकट दिया जाता है। ऐसी एक सीट है रायपुर ग्रामीण की सीट। इस सीट से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा पिछले दो चुनाव जीत चुके हैं।इससे पहले व मंदिर हसौद से चुनाव लड़कर पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। सत्यनारायण शर्मा ऐसे कांग्रेस नेता है जो चुनाव जीतते ही हैं। इस बार उन्होंने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है तथा उनकी जगह रायपुर ग्रामीण से उनके पुत्र पंकज शर्मा ने दावेदारी की है। कांग्रेस में हो सकता है कि कुछ और लोग भी रायपुर ग्रामीण से दावेदारी करें। लेकिन सबसे मजबूत दावेदारी तो पंकज शर्मा की ही मानी जाएगी। इसकी वजह यह है कि वह सत्यानाराणय शर्मा के पुत्र हैं और वह चुनाव जीतने वाले प्रत्याशी हैं। राजनीतिक दल ऐसे प्रत.याशियों को ही टिकट देना पसंद करती है जो चुनाव जीतने वाले होते हैं। सत्यनारायण शर्मा कांग्रेस के ऐसे ही नेता हैं, वह निरंतर चुनाव जीतते रहे हैं। वह चाहते हैं कि उनकी जगह उनके बेटे को टिकट दी जाए तो स्वाभाविक हैं कि उनके विधानसभा के लोग भी सत्यनारायण शर्मा की जगह उन्हें वोट देकर जिताएंगे। राजनीति में परिवारवाद की आलोचना की जाती है। सभी दल इसकी आलचोना करते हैं लेकिन सभी दलों में परिवारवाद किसी न किसी रूप में तो हैं। एक परिवारवाद होता है पार्टी वाला यानी पूरी पार्टी ही किसी परिवार की होती है तथा उस पार्टी का अध्यक्ष उस परिवार का ही होता है। इस तरह के परिवारवाद की सबसे ज्यादा आलोचना होती है। एक परिवारवाद होता है विधायक वाला। यानी पिता विधायक है तो उसकी जगह उसके पुत्र को विधायक के लिए टिकट दिया जाए। यानी विधायक का बेटा ही विधायक बनेगा। इस तरह का परिवारवाद भी सभी राजनीतिक दलों में पाया जाता है। सभी राजनीतिक दलों में कुछ विधायक तो ऐसे होते हैं जो निरंतर चुनाव जीतते रहते हैं।ऐसा विधायक जब अपने पुत्र को अपनी सीट देना चाहता है तो पार्टी भी एतराज नहीं करती है क्योंकि ऐसी सीट पार्टी की जीतने वाला सीट होती है। यानी विधायक लड़े या उसके परिवार का कोई, वह सीट तो पार्टी को जीतनी है। इसलिए ऐसी सीटों पर जब प्रत्याशी चयन किया जाता है तो विधायक की इच्छा का भी पूरी सम्मान किया जाता है क्योंकि यदि विधायक की इच्छा का सम्मान नहीं किया जाएगा तो वहां से पार्टी चुनाव नहीं जीत सकेंगी। यानी कुछ सीटें हर राजनीतिक दल के पास ऐसी होती हैं जहां पार्टी से ज्यादा प्रभाव व्यक्ति को होता है। ऐसी जगह पार्टी व्यक्ति का सम्मान करती है, उसकी इच्छा के अनुसार टिकट देती है। यह भी परिवारवाद है लेकिन यह सभी राजनीतिक दलों में स्वीकार किया जाता है क्योंकि इसके लिए परिवार व पार्टी से ज्यादा उस क्षेत्र के लोग दोषी होते हैं जो एक परिवार के लोगों को चुनते हैं। वह उसे अपने लिए सबसे बेहतर नेता मानते हैं तो इसमें फिर कोई कुछ नहीं कर सकता।

## आज का राशिफल

**मेष राशि**–आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाश करने की कोशिश करेंगे। किसी काम के लिए कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आज आपको मिलेगा। आपको अपने बच्चों से काम में सपोर्ट मिलेगा।

**वृष राशि**– आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के सहयोग से आपको जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता मिल सकता है। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। किसी काम को पूरा करने के लिए नए सिरे से शुरुआत करेंगे। आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। ऑफिस में सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। बॉस आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे।

**मिथुन राशि**– आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। कोई पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक धन लाभ कराएंगी। आपको समाज के कुछ अच्छे लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा। आप किसी सरकारी संस्था के काम में अपना सहयोग दे सकते हैं। आपको उस काम के लिए सम्मानित किया जाएगा।

**कर्क राशि**– आज आपका दिन सामान्य बना रहेगा। अगर आप कोई बड़ी बिजनेस डील करने जा रहे हैं,तो आपको बहुत ही सोच-समझकर फैसले करने की जरूरत है। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद जरूर लेनी चाहिए। आज आपको किसी सरकारी काम को पूरा करने में कुछ वक्त लग सकता है।

**सिंह राशि**–आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। दोस्तों के साथ आज कहीं घूमने जाने का अवसर मिलेगा। विदेश से नौकरी के लिए आपको कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है। जो छात्र विज्ञान में रुचि रखते हैं, आज उनका दिन अच्छा रहेगा। आपको परीक्षा में बेहतर परिणाम मिलेंगे। आपको किसी प्रोजेक्ट के लिए किसी बड़े आदमी से मदद मिलेगी।

**कन्या राशि**–आज आपका दिन बहुत ही उत्तम रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब लगाने से पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा। कुछ नए लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। छात्र आज अपनी पढ़ाई को लेकर बहुत ही उत्साहित रहेंगे। करियर को बेहतर बनाने के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। दांपत्य जीवन में चल रही समस्याएं समाप्त होंगी।

**तुला राशि**– आपके लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर होंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को सफलता मिलने से घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। बिजनेस में आज आपको अच्छा लाभ मिलेगा। अगर आप नई नौकरी की तलाश में हैं, तो बड़े भाई-बहनों की मदद से आपको नौकरी मिल सकती है। आज आपको अपने कार्यों में सफलता मिलेगी। लवमेट्स एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करें, रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी।

**वृश्चिक राशि**– आज का दिन आपके लिए फेबरेबल रहेगा। जो छात्र घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी काम के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है। आज आपको अचानक धन लाभ होगा। अचानक आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी, जिससे मन प्रसन्न हो जाएगा। दांपत्य जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। जीवनसाथी आपके कार्यों में मदद मिलेगी। आज आप परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे।

**धनु राशि**–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको कोई अच्छा काम मिल सकता है। आज आपके व्यवहार से लोग प्रभावित होंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं, बच्चों को भी साथ में ले जाएंगे। कई दिनों से रुका हुआ कोई प्रशासनिक कार्य आज किसी बड़े अधिकारी की मदद से पूरा हो जाएगा। महिलाओं के लिए आज का दिन व्यस्तता भरा रहने वाला है। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

**मकर राशि**– आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। परिवार में भी स्थिति ठीक बनी रहेगी। बच्चों की किसी जरूरत को पूरा करने के लिए आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। आपका दोस्त आपको कोई काम करने के लिए कह सकता है। प्राइवेट नौकरी करनेको ऑफिस के किसी काम के लिए आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आपकी रूचि अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगी।

**कुंभ राशि**– आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। समयसीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीजें अच्छे से पूरी होंगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पाएंगे। घर का माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आपकी सकारात्मक सोच लोगों को काफी पसंद आएगा। लवमेट्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**मीन राशि**–आज आपको जीवन में कुछ खास मौके मिल सकते हैं। आपको किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। आर्थिक स्तर पर आप मजबूत बने रहेंगे। आपकी कोई व्यवसायिक परियोजना पूरी हो सकती है। आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं, उनका काम आज अच्छा रहेगा। पिता की मदद से आपके सारे कार्य आसानी से पूरे हो जाएंगे। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे आपसी ताल-मेल बढ़ेगा।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक बहुजन हिताय-सुखाय

### मुख्यमंत्री जन्मदिवस पर विशेष

विजय मिश्रा 'अमित'

छत्तीसगढ़ तीज -त्योहारों, प्राचीन सभ्यता-संस्कारों के साथ-साथ पारंपरिक खेलों का भी गढ़ है। खेल गढ़ की इस माटी में न्यूनतम व्यय पर अधिकतम मनोरंजक और स्वास्थ्यवर्धक अनेक खेलों की सदियों पुरानी परंपरा है।यह सर्वविदित है कि परंपराओं को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे विस्तारित संरक्षित करने की जवाबदेही नई पीढ़ी के कंधों पर होती है।

इस सच्चाई के साथ साथ एक हकीकत यह भी है कि नई पीढ़ी के दिल- दिमाग को, उनकी सोच को आधुनिकता की बयार धीरे धीरे बदलती रहती है।ऐसी ही बदलाव के बयार ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक स्थानीय खेलों को दरकिनार करना आरंभ कर दिया था, जो कि छत्तीसगढ़ के विचारकों के लिए चिंताजनक विषय बनता जा रहा था।

प्रदेश के पुरखों की इस पीड़ा को नवोदित राज्य छत्तीसगढ़ की तीसरी सरकार ने बड़ी बारीकी से समझा परखा। इस तीसरी सरकार की कमान बतौर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल सफलता पूर्वक संभाल रहे हैं।इसी प्रदेश की माटी में जन्मे पले बढ़े मुख्यमंत्री ने शपथ लेने के पल से ही ÷माटी का मान बढ़ाने का अभियान÷ छेड़ दिया था।

अपने पांच वर्षीय कार्यकाल की पूर्णता की ओर अग्रसर श्री भूपेश बघेल ने यहां की संस्कृति,खानपान, पुश्तैनी खेती किसानी सहित रीति-रिवाजों को संरक्षित करने की अभूतपूर्व पहल की है।इसका ही सुखद परिणाम है,अब छत्तीसगढ़ मे ही नहीं बल्कि देश विदेश में छत्तीसगढ़िया संस्कृति को लोग जानने लगे हैं।वर्ष



2022 से आरंभ छत्तीसगढ़िया ओलंपिक भी ऐसी अभिनव पहल की अटूट कड़ी है।जिसे मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल निर्बाध आगे बढ़ा रहे हैं।

### शुभंकर बछरू 36 लांच

इस दिशा में आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ का पहला सालाना पर्व हरेली के पावन पर्व 17 जुलाई पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023 का उद्घाटन नवागांव में गेंड़ी दौड़ मुकाबला दल को हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा,संस्कृति का संवर्धन और छत्तीसगढ़ की जनता की उन्नति हेतु हम प्रतिबद्ध हैं।

ओलंपिक के दूसरे वर्ष में बेहद लोकप्रिय शुभंकर बछरू एवं कर्णप्रिय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक गीत का भी सृजन किया गया है। 36 नम्बर की जर्सी और सोंहाई माला पहने गाय के दो बच्चों (बछरू )को शामिल कर निर्मित शुभकंर अत्यंत आकर्षक है।साथ ही छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति और सुदृढ़ सामाजिक तानाबाना का मनमोहक संकेत है।

### 16 खेलों का समावेश

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 16 पारम्परिक खेलों को सम्मिलित किया गया है।जिनके नाम बिल्लस, फुगड़ी,भंवरा,पिट्ठूल, गेंड़ी दौड़,रस्सी कूद,खो खो,गिल्ली डंडा,बांटी, कबड्डी,संखली,लंगड़ी दौड़, कुश्ती,लंम्बी कूद,दौड़,रस्साकसी आदि हैं।इन खेलों के माध्यम से ग्रामीण अंचल की छुपी खेल प्रतिभाओं की विशिष्ट पहचान हो रही है। जिनसे उम्मीद की जा सकती है कि वे गांव से निकलकर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे। 17 जुलाई से 27 सितंबर 23 तक आयोजित ओलम्पिक कार्यक्रम में तीन अलग-अलग आयु समूह बनाए गए हैं।जिसमें 18 वर्ष तक,18 से 40 वर्ष तथा 40 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे- युवा- बूढ़े खिलाड़ी (महिला पुरुष)भागीदारी देंगे।इसके अंतर्गत ग्रामीण स्तर से राज्य स्तर तक छ÷ चरणों में स्पर्धाएं नाकआउट पद्धति से संपादित होंगी। प्रत्येक स्तर पर विजेताओं को हजारों रूपए पारितोषिक संग प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

### राजनीतिक चश्मे से न देखें

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में इस वर्ष तीस लाख से अधिक संख्या में लोगों की सहभागिता का आंकलन किया गया है।दो महीने दस दिन तक चलने वाले इस खेल महाकुंभ के दौरान आपसी मेल-जोल से रिश्तों में प्रगाढ़ता आएगी,मोबाइल में सिमटती पीढ़ी को नई दिशा मिलेगी,दर्शकों प्रतिभागियों को मानसिक तनाव-अवसाद से मुक्ति, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रशिक्षण सहित युवा मितान क्लब की युवाशक्ति का सदुपयोग सुनिश्चित होगा।आयोजन की अवधि में खोमचे ठेले जैसे छोटे व्यवसायों की आय में भी अवश्य बढ़ोतरी होगी। इस दृष्टि से व्यापक अर्थों में कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री की सोच -खोज छत्तीसगढ़िया ओलंपिक बहुजन हिताय बहुजन सुखाए÷ को शतप्रतिशत साकार करेगा।प्रदेश के पारम्परिक स्थानीय खेलों का संरक्षण संवर्धन होगा।विलुप्त हो रहे लोक खेलों को पुनर्जीवित एवं प्रतिष्ठित करने का सुअवसर मिलेगा। अतः इस बहुउद्देशीय - बहुपयोगी खेल पर्व को राजनैतिक चश्में से न देखते हुए सभी जिम्मेदार लोग खेल भावनाओं से लबरेज होकर जुड़ेंगे। खेल खेल में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ को चरितार्थ करेंगे।ऐसी कामना है।

# न्याय योजनाओं से खुशहाल हुआ छत्तीसगढ़

### सीएम जन्मदिवस पर विशेष

जी.एस.केशरवानी,आनंद सोलंकी

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का ठेठ छत्तीसगढ़िया अंदाज रंग ला रहा है। जमीनी हकीकत और छत्तीसगढ़ के लोगों की जरूरतों से जुड़ी उनकी योजनाओं ने पुरखों के सपनों के 'नवा छत्तीसगढ़' गढ़ने की परिकल्पना को धरातल पर साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उनके पिछले पौने पांच साल के कार्यकाल की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वे छत्तीसगढ़िया गौरव और स्वाभिमान को जगाने में कामयाब रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रारंभ किए गए नवाचारों ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया और सराहना पायी। नवाचारों को दूसरे राज्यों अपनाने के लिए आगे आ रहे है। संसदीय समितियों और नीति आयोग ने भी छत्तीसगढ़ के इन नवाचारों की सराहना की है। सुराजी गांव योजना, नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी योजना, गोबर खरीदी की गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना जब प्रारंभ हुई थीं, तब लोगों ने इनकी सफलता पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाया था, लेकिन इन योजनाओं को लागू करने में मुख्यमंत्री श्री बघेल के दृढ़ संकल्प ने योजनाओं की सफलता ने नया कीर्तिमान बनाया है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ में लागू की गई न्याय योजनाओं से बड़ा बदलाव आया है। किसानों, मजदूरों, ग्रामीणों, पशुपालकों और गरीबों की जेब में सीधे पैसे डालने की योजनाओं से लोगों की आर्थिक स्थिति और जीवनस्तर में सुधार हुआ है, उनकी क्रय शक्ति में बढ़ोत्तरी हुई है। जिससे छत्तीसगढ़ के बाजारों की रौनक बढ़ी और उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में उत्साहजनक वातावरण बना है। नीति आयोग द्वारा हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में 40 लाख लोग गरीबी के दायरे से बाहर आए हैं। इस उपलब्धि में छत्तीसगढ़ सरकार की राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद श्री भूपेश बघेल ने सबसे पहले किसानों से किए गए कर्जमाफी का वायदा निभाया और किसानों की कर्जमाफी की घोषणा की। राज्य के किसानों के 9270 करोड़ रुपए से अधिक के कृषि ऋण अदायगी में छूट दी गई। इसके साथ ही 244.18 करोड़ रुपए का सिंचाई कर भी माफ किया गया। किसानों से 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का वादा किया गया था। समर्थन मूल्य के अलावा अंतर की राशि को राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू कर आदान सहायता के रूप में प्रदान किया जा रहा है।

वनवासियों के लिए आय में वृद्धि का स्त्रोत बढ़ाने सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली लघुवनोपजों की संख्या को सात से बढ़ाते हुए 65 प्रकार के लघुवनोपज तक कर दी गई है। तेंदूपत्ता के समर्थन मूल्य में बड़ी वृद्धि करते हुए 2500 रुपए से 4000 हजार रुपए तक किया गया। वहीं तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए 5 अगस्त 2020 को शहीद महेन्द्र कर्मा



तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना की शुरुआत की गई। इसमें 4555 तेंदूपत्ता संग्राहकों को 31 मार्च 2022 की तारीख तक 63 करोड़ 43 लाख रुपये की बीमा राशि का भुगतान किया गया है। आदिवासियों की लोहाण्डीगुड़ा में टाटा समूह द्वारा 4200 एकड़ अधिगृहीत जमीन वापसी कराई गई।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल की शुरुआत करते हुए निम्न आय वर्ग के बच्चों को भी भविष्य में बेहतर अवसर दिलाने की पहल। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए राज्य सरकार द्वारा 377 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम तथा 350 स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम के स्कूल प्रारंभ किए गए है, जहां 4.21 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं। इन विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और लाइब्रेरी, लैब सहित अधोसंरचना इतनी अच्छी है कि निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने इन विद्यालयों में प्रवेश लेने की होड़ लगी रहती है। चूंकि इन स्कूलों में शिक्षा निःशुल्क दी जा रही है, इससे भी शिक्षा पर होने वाले खर्च में लोगों की बचत हो रही है।



राज्य के युवाओं को अंग्रेजी माध्यम में उच्च शिक्षा के लिए 10 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। आने वाले समय में सभी जिला मुख्यालय में अंग्रेजी माध्यम कॉलेज प्रारंभ करने की योजना है। राज्य में मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए है। चार नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए गए और जिनमें से एक निजी कॉलेज का अधिग्रहण किया गया है। इसी प्रकार चार नए मेडिकल कॉलेज की घोषणा की गई। इन्हें मिलाकर आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 6 से बढ़कर 14 हो जाएगी।

सुराजी गांव योजना के तहत नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी कार्यक्रम से विशेष प्रसिद्धि प्राप्त की है। गोधन न्याय योजना जिसके अंतर्गत गोबर खरीदी योजना लाया गया और गौठानों का निर्माण किया गया। गोबर के साथ गोमूत्र खरीदने वाला देश का पहला राज्य छत्तीसगढ़ है। महंगी दवाओं से राहत देने के लिए श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स की शुरुआत जहां 50 से 72 फीसदी तक छूट में 300 से अधिक प्रकार की दवाएं और मेडिकल उपकरण उपलब्ध हैं। सी-मार्ट (छत्तीसगढ़ मार्ट) की शुरुआत करते हुए ग्रामीण उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने का कार्य किया गया।

इन योजनाओं के साथ-साथ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, लघुवनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी और प्रसंस्करण, मिलेट्स के समर्थन मूल्य पर खरीदी और प्रसंस्करण, जैसी योजनाओं ने भी लोगों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके साथ-साथ बेरोजगारी भत्ता योजना ने बेरोजगार युवाओं को संबल प्रदान किया है। राजीव युवा मितान क्लब योजना ने युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का काम किया है।

गांव के गौठानों में प्रारंभ किए गए रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के माध्यम से विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों को रोजगार और आय के साधन मिले हैं। प्रदेश में 300 रीपा विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें ग्रामीण युवाओं को छोटे-छोटे उद्योग धंधे प्रारंभ करने के लिए जमीन, बिजली, पानी, बैंक लिंकेज और प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। रीपा में पौनी-पसारी के तहत परम्परागत व्यवसाय करने वाले लोगों को भी अपनी गतिविधियों के लिए शेड उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग पौने दो लाख करोड़ रूपए की राशि जनता की जेब में डाली गई है। छत्तीसगढ़ सरकार की न्याय योजनाओं के चलते बीते पौने पांच सालों में प्रति व्यक्ति का 88,793 रूपए से बढ़कर 1,33,898 रूपए हो गई है। इस अवधि में छत्तीसगढ़ का जीएसडीपी 3,27,106 करोड़ रूपए से बढ़कर 5,09,043 करोड़ रूपए हो गयी है। मार्च 2020 से निरंतर दो वर्ष तक कोविड-19 आपदा के कारण आर्थिक गतिविधियां मद होने के बावजूद राज्य शासन की नीतियों और न्याय योजनाओं के चलते अर्थव्यवस्था के आकार में 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2022-23 में कृषि, औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य की विकास दर राष्ट्रीय औसत से काफी ज्यादा रही है।

राज्य शासन द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 24.30 लाख किसानों को इनपुट सब्सिडी के रूप में अब तक 21 हजार 912 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। इसी तरह 'राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' के 5.6 लाख हितग्राहियों को अब तक 758.03 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। इस योजना के हितग्राहियों को किश्तों में प्रतिवर्ष 7000 रूपए की मदद दी जा रही है। 'गोधन न्याय योजना' के तहत अब तक महिला स्व-सहायता समूहों, गौठान समितियों और ग्रामीणों को 551.31 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

इसी तरह राज्य में गठित किए 13 हजार 242 राजीव युवा मितान क्लबों को अब तक 132.48 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत प्रदेश के 01 लाख 22 हजार 625 हितग्राहियों को अब तक 112 करोड़ 43 लाख 30 हजार रूपए की राशि दी जा चुकी है। युवाओं को शासकीय नौकरी का अवसर प्रदान करने के लिए हाल ही में राज्य में 42 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जा रही है। प्रतियोगी परिक्षाओं में फीस माफ की गई है। राज्य के युवाओं को उद्योगों में रोजगार के अवसर दिलाने के लिए 36 आईटीआई का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। जहां नए जमाने के अनुरूप विभिन्न ट्रेडों में युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण की व्यवस्था रहेगी। इससे प्रतिवर्ष 10 हजार युवाओं को प्रशिक्षण मिलेगा।

तेन्दूपत्ता संग्राहकों की मेहनत का उचित मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण की दर 2500 रूपए से बढ़ाकर 4000 रूपए प्रति मानक बोरा की गई है। इसी तरह 67 प्रकार की लघु वनोपजों के समर्थन मूल्य पर खरीदी के साथ उनके प्रसंस्करण का काम प्रारंभ होने से वनोपज संग्राहकों की आय में वृद्धि हुई है।

राज्य सरकार द्वारा लागू की गई किसान हितैषी योजनाओं से प्रदेश में खेती-किसानी की अच्छी प्रगति हुई है। ऐसे किसान जो कृषि लागत बढ़ने के कारण खेती-किसानी छोड़ चुके थे, वे भी खेतों की ओर लौटे हैं। पिछले पौने पांच वर्षों में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों की संख्या 12 लाख से बढ़कर 24 लाख से ज्यादा हो गई है। खेती का रकबा भी 24.46 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 31.17 लाख हेक्टेयर हो गया है। खेती की प्रगति से समर्थन मूल्य पर धान का उर्पाजन 55 लाख मीटरिक टन से बढ़कर 107 लाख मीटरिक टन हो गया है।

प्रदेश में मछली पालन, लाख पालन को कृषि का दर्जा दिया गया है। इसके अलावा रेशम पालन और मधुमक्खी पालन को कृषि का दर्जा देने की घोषणा की गई है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के एवज में किसानों को वर्ष 2019-20 में 15 हजार 285 करोड़, वर्ष 2020-21 में 17 हजार 241 करोड़, वर्ष 2021-22 में 19 हजार 37 करोड़ तथा वर्ष 2022-23 में 22 हजार 67 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। खेती-किसानी को मिले प्रोत्साहन से शून्य प्रतिशत ब्याज पर अल्पकालीन कृषि ऋण लेने वाले किसानों की संख्या वर्ष 2018-19 में 9.94 लाख से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 14.07 लाख हो गई है।

लोगों की बचत को बढ़ावा देने में राज्य सरकार की हाफ बिजली बिल योजना, जिसमें 400 यूनिट तक बिजली की खपत पर आधा बिजली बिल देना होता है। किसानों को रियायती दर पर बिजली की आपूर्ति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के किसानों को निःशुल्क बिजली प्रदाय, राज्य सरकार की सार्वभौमिक सार्वजनिक वितरण प्रणाली, इलाज के लिए डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीबों को इलाज के लिए पांच लाख रूपए तक की सहायता, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत इलाज के लिए 20 लाख रूपए तक की सहायता उपलब्ध कराने की पहल की गई है। हमर लैब के माध्यम से जांच की सुविधा, हाट बाजार क्लिनिक योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, दाई-दीदी क्लिनिक योजना जैसी योजनाओं ने भी लोगों के खर्च कम करने में मदद की है।

लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में छत्तीसगढ़ सरकार योजनाओं की सफलता पर नीति आयोग ने भी हाल ही में जारी अपनी रिपोर्ट में मुहर लगायी है। इस रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ के कबीरधाम, सरगुजा और दंतेवाड़ा में 23 से 25 प्रतिशत लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं। रायपुर, धमतरी और बालोद जिले में गरीबी का अनुपात अब 10 प्रतिशत से कम रह गया है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी नीतियों और न्याय योजनाओं से राज्य के 40 लाख लोग गरीबी से बाहर निकलने में सफल हुए हैं।

## एक नजर

### राखी एवं मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह से लिया भाग



**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आगामी त्यौहार रक्षाबंधन, हरियाली तीज पर्व पर बालिका शिक्षा के तहत आया सावन झूम के कार्यक्रम रखा गया। इसमें राखी, मेहंदी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर द्वारा माँ सरस्वती, ओम एवं भारत माता के छायाचित्र पर तिलक, पुष्प अर्पण एवं द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया।

यह प्रतियोगिता बालिका शिक्षा प्रभारी मनोज साहू एवं दुर्गेशनंदनी चन्द्राकर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। विद्यालय के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बहनों के द्वारा सावन पर आधारित गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। साथ ही नाग पंचमी पर विद्यालय में पार्थिव शिवलिंग की पूजन, रुद्राभिषेक किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में शिशु वर्ग से प्रथम आराध्या ठाकुर, बाल वर्ग से प्रथम निधि जलछत्री, द्वितीय खुशबू पटेल, तृतीय कुमारी डिंपल साहू ने प्राप्त किया। किशोर वर्ग से प्रथम खुशी निषाद, द्वितीय कुमारी सोनम, तृतीय वैष्णवी ने प्राप्त किया। तरुण वर्ग से प्रथम नेहा द्वितीय स्थान भूमिका ने प्राप्त किया। राखी प्रतियोगिता में शिशु वर्ग से प्रथम भिम्मी साहू, द्वितीय कुमकुम चक्रधारी, तृतीय चित्रलेखा चंद्राकर, बाल वर्ग से प्रथम दोनिशा साहू, द्वितीय ऐश्वर्या चंद्राकर, तृतीय पूनम कन्नौज व गीतांजलि साहू ने प्राप्त किया। किशोर वर्ग से प्रथम तनीषा पटेल, द्वितीय लुभांशी ध्रुव, तृतीय नीलम निर्मलकर, तरुण वर्ग से प्रथम साक्षी सिन्हा, द्वितीय कुसुम साहू, तृतीय रानू देवदास ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्या अनुराधा चन्द्राकर, किरण सोनी, गुरूवारी सोनी, निशा गोस्वामी, टिकेश्वरी चन्द्राकर, सरोजनी साव, मोनल साहू, तनुजा साहू एवं विद्यालय के समस्त दीदी और आचार्यों का सहयोग सराहनीय रहा। यह जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर एवं ललित कुमार सिन्हा द्वारा दी गई।

### रासेयो जिला स्तरीय बैठक में संचेतना पत्रिका का किया विमोचन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय सेवा योजना जिला महासमुंद का जिला स्तरीय बैठक शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि डॉ नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग छग शासन, डॉ. एलएस गजपाल प्रभारी कार्यक्रम समन्वयक रासेयो पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ. अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, तुलसी पौधा, राजकीय गमछा, श्रीफल एवं एनएसएस बैज लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो महासमुंद ने वार्षिक प्रतिवेदन का पाठन किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना जिले की उपलब्धियों को बताया। जिला स्तरीय पत्रिका की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. नीता बाजपेयी ने मेरी माटी मेरा देश, युवा पोर्टल यूथ 20, सीएनए अकाउंट के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित समस्त कार्यक्रम अधिकारी को प्रदान किया गया और उनके समस्याओं का निराकरण किया गया। महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को हम प्रयोगशाला के रूप में देखते है कोई भी नवाचार प्रारंभ करना हो तो उसकी शुरुवात महासमुंद से ही करने का प्रयास करते है। महासमुंद की रासेयो इकाई की गतिविधियां न केवल राज्य स्तर अपितु राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय है। डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि रासेयो का उद्देश्य सेवा भाव है और सेवा भाव मानवीय मूल्यों का कार्य है। उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्यों का अपना महत्व है।

कलेक्टर का ज्ञापन सौंपकर

# स्टूडेंट फेडरेशन ने की स्कूल भवन की तत्काल मरम्मत की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर,23 अगस्त।** छिन्दगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत गुम्मा के प्राथमिक शाला चांदपारा का स्कूल भवन को तत्काल सुधार कराने के संबंध में इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन ने कलेक्टर साहब को ज्ञापन सौंपा। यह कि छिन्दगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत गुम्मा के आश्रित चांदपारा प्राथमिक शाला स्कूल भवन बुरी तरह जर्जर हुआ है। भवन में बच्चों को बैठकर पढ़ने के लिए खतरा बना है। 1 वर्ष पूर्व मरम्मत किया गया लेकिन सही नहीं किया गया है। कमरों में पानी टपकने के कारण कक्षा रूमो में पानी भर जाता है। यह स्कूल में 60 से अधिक बच्चे का दर्ज संख्या है। भवन नहीं होने के कारण कई बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं, यही कारण है कि बच्चे मवेशी चराने मजबूर हैं, बच्चे व शिक्षकों को भवन नहीं होने के कारण परेशानियां हो रहा है। इन्हीं अव्यवस्थाओ के कारण बच्चों को सही शिक्षा नहीं मिल पा रहा है पढ़ाई नहीं हो रहा है। वर्तमान में वैकल्पिक व्यवस्था में पुराना क्षतिग्रस्त स्कूल भवन में संचालित कर रहे हैं। जो रहने योग्य नहीं है, कभी भी बच्चों व शिक्षकों पर हादसा होने की संभावना बना हुआ है। यह बच्चों को जान जोखिम में डालकर शिक्षक पढ़ने मजबूर हैं। वर्तमान में नवीन भवन जर्जर होने के कारण बंद है। इसे तत्काल मरम्मत करने की आवश्यकता है। यह की ग्राम कमलापदर प्राथमिक शाला में बाउंड्रीबाल अधूरा है गेट नहीं लगाया गया है। आंगनबाड़ी भवन जर्जर है। यह की ग्राम कालेबांग प्राथमिक शाला स्कूल में बाथरूम नहीं है, बाउंड्री वॉल की आवश्यकता है, जंगल झाडी होने के कारण बच्चों को जहरीले सांप बिच्छू से खतरा बना रहता है। इससे पूर्व भी प्रशासन को अवगत कराया गया है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नही हुआ। एआईएसएफ के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम ने कहा कि पुरे जिले के स्कूल, आश्रमों का हालात ठीक नही है, जिस तरह जो देखने को मिल रहा है , मरम्मत के नाम से लाखों राशि को मनमानी तरीके से उपयोग कर रहे है कोई भी स्कूल, आश्रम, छात्रावासो का मरम्मत नही किया जा रहा है। जैसे गुम्मा के चांदपारा प्राथमिक शाला स्कूल भवन का मरम्मत कर एक वर्ष भी नही हुआ है, भवन आज भी जर्जर अवस्था मे है पानी टपकता है कमरो मे पानी भर जाता बच्चे स्कूल भवन मे बैठ नही पा रहे है। सम्बन्धित अधिकारी निरीक्षण पर जाते ही नही इसलिए यह गंभीर समस्या बना है। समस्या समाधान नही हुआ तो हमारी संगठन जिले की समस्याओ को लेकर आदोलन के लिए बाध्य होगा।

# पार्थिवेश्वर महादेव की निकली विसर्जन यात्रा

## नगरवासियों ने सामूहिक पार्थिव शिवलिंग बनाकर किया अभिषेक



**महासमुंद, 23 अगस्त।** जनकल्याण की भावना से कुछ क्षण शिवजी के संग का आयोजन मंगलवार को स्थानीय टाउन हाल में किया गया। जिसमें सामूहिक पार्थिव शिव लिंग बनाकर नगरवासियों ने पार्थिवेश्वर महादेव का अभिषेक किया। बता दें कि 40 जजमानों का जत्था उत्तराखंड के ब्रदीनाथ धाम में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन आचार्य पं. पंकज तिवारी के सानिध्य में मंगलवार 22 अगस्त को तीर्थयात्रियों का नगर आगमन हुआ।

इस मौके पर शिव के पावन सावन माह में नगरवासियों के कल्याण के लिए उक्त आयोजन किया गया था। जिसमें तीर्थयात्रियों के अलावा नगरवासियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सुबह पाली में संकल्प कर नगरवासियों ने टाउन हाल में पार्थिव शिव लिंग का निर्माण किया। तीर्थयात्रियों के आने के बाद सभी तीर्थयात्रियों का आयोजन समिति के सदस्यों व नागरिकों ने परंपरागत तरीके से अगुवानी कर स्वागत किया। इस दौरान पंडितों द्वारा वैदिकमंत्रोचार किया जाता रहा। पश्चात वेदीपूजन के साथ ही विधिविधान से पार्थिव शिव लिंगों का पूजन उपरांत अपने स्थानों पर बैठकर नगरवासियों ने बनाए गए पार्थिव शिव लिंग का अभिषेक किया। अभिषेक उपरांत बाबा भोलेनाथ का कैलाशधाम महामाई तालाब के लिए विसर्जन यात्रा बाजे-गाजे के साथ निकली, जो गुडरूपारा, गांधी चौक, नेहरू चौक, अंबेडकर चौक होते हुए महामाई तालाब में पहुंची। जहां शिव लिंगों का विसर्जन किया गया। इस दौरान बोलबम, हर हर महादेव की जयघोष के साथ विसर्जन यात्रा पूर्ण हुई। नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी के सानिध्य में पं.दिनेश, सूर्या, मासूम पांडे, रितेश दुबे समेत बद्रीनाथ धाम के मुख्य जजमान शंकर पांडे, संरक्षक मारकंडेय चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, मनोजकांत साहू, सीता देवी साहू, तारा हेमंत चंद्राकर, चंद्रमणी चंद्राकर आदि जजमानों ने विधि-विधान से पूजन में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निर्मला विनोद सेवन लाल चंद्राकर, बद्रीनारायण लड्ढा, मूलचंद लड्ढा, दिलीप जैन, बाबूलाल साहू, राजेश नायक, श्वेता गुप्ता, जुगनू चंद्राकर, पुष्पा यादव, मीना साहू, झरना साहू, किरण भदंनकर, विपिन महंती, योगेश्वर चंद्राकर, उषा चंद्राकर, प्रभा जैन आदि उपस्थित रहे।

### असामायिक मृत्यु के 3 प्रकरणों में सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़, 23 अगस्त।** अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत प्राकृतिक आपदा के तहत तीन लोगों की असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन पश्चात एसडीएम रायगढ़ द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान अनुसार मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रूपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी के अनुसार किरोड़ीमल नगर की आस्था कश्यप 27 फरवरी 2023 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता संजय कुमार कश्यप को 4 लाख रुपये, ग्राम-औरदा तहसील पुसौर के उदयनाथ पाव की 9 सितम्बर 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता श्याम कुमार पाव को 4 लाख रुपये तथा ग्राम-एकताल के उद्धव मिरधा की 21 फरवरी 2023 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सुनीता को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# जोबी कॉलेज के एनएसएस विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को किया मतदान के लिए प्रेरित




**रायगढ़, 23 अगस्त।** शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा के एनएसएस विद्यार्थियों ने स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकालकर क्षेत्रवासियों को आगामी निर्वाचन में शत-प्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किए। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्थानीय क्षेत्रवासियों को मतदान के महत्व को समझाया और उन्हें यह संदेश दिया कि वोट देना न केवल उनका अधिकार है, बल्कि यह देश के भविष्य को निर्धारित करने का माध्यम भी है। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित किया। रैली में उन्होंने बैनर पोस्टर के माध्यम से स्थानीय लोगों को वोट का महत्व समझाते हुए कहा कि यह सिर्फ उनके खुद के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के विकास के लिए भी होता है। उन्होंने आपसी बातचीत के माध्यम से क्षेत्र में घूमकर लोगों को प्रत्येक वोट के महत्व को समझाते हुए ईवीएम मशीन की उपयोगिता बतायी। रैली में बीएससी अंतिम वर्ष से कु.मनीषा देवांगन, कु.उमेश्वरी राठिया, कु.मधु महंत, कु.किरण राठिया, बीए अंतिम वर्ष से कु.सुरेश्वरी साहू, कु.सुषमा यादव और कु.तुलेश्वरी गबेल, बीएससी द्वितीय वर्ष से कु. नेहा राठिया एवं बीएससी प्रथम वर्ष से कु. जया देवी डनसेना व बीए प्रथम वर्ष से कु.अंकिता देवांगन का योगदान उल्लेखनीय रहा। प्राचार्य श्री रविंद्र कुमार थवाईत के निर्देशानुसार सहायक प्राध्यापक व एनएसएस नोडल अधिकारी श्री सुरेंद्र पाल दर्शन के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में सहायक प्राध्यापक श्री वासुदेव प्रसाद पटेल, श्री योगेंद्र कुमार राठिया एवं डॉ ज्ञानमणि एक्का, अतिथि व्याख्याता श्री राम नारायण जांगड़े, श्री रितेश राठौर एवं राहुल राठौर सहित महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जल संरक्षण के लिए विभागों ने किए सराहनीय कार्य:रंजीता



**रायगढ़, 23 अगस्त।** जिले में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिए दिल्ली से जल शक्ति अभियान की नोडल अधिकारी श्रीमती रंजीता रश्मि रायगढ़ पहुंची। यहां उन्होंने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कैच द रेन कार्यक्रम के तहत जिले में हुए कार्यों के अद्यतन प्रगति के बारे में जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव ने जिले में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में किए जा रहे विभिन्न विभागों के कार्यों व नवाचारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निदेशक श्रीमती रंजीता रश्मि ने सभी विभागों के जल संरक्षण एवं जल स्त्रोत संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिले में बेहतर कार्य हो रहे है। उन्होंने पीएचईओ को जल जीवन मिशन के कार्यों में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से जिले में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भौगोलिक स्थिति के अनुसार जल स्त्रोतों को संवारने का कार्य किया जा रहा है।

प्राकृतिक जल संवर्धन के माध्यम से भू-जलस्तर सुधारने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत प्राकृतिक जल स्त्रोतों, नदी, नालों के साथ ही अमृत सरोवर, उद्योगों के सहयोग से तालाबों पर कार्य किया गया है। जिससे वर्षा के जल को अधिक से अधिक संचय किया जा सका। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नदी तट में भी वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न विभागों ने जल संचय एवं जल स्त्रोत संरक्षण के लिए किए जा रहे विभागीय कार्यों की जानकारी दी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में अमृत सरोवर पर कार्य किया जा रहा है।

# विकासखंड स्तरीय दो दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलपिंक का समापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 23 अगस्त ।** बीजापुर जिले में दो दिनों से चल रहे विकासखंड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलपिंक खेलों का आज रंगारंग समापन बीजापुर मिनी स्टेडियम में हुआ। इस प्रतियोगिता में बीजापुर के 5 जोन से लगभग 500 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। जिसमें 384 खिलाड़ी विजेता बने। प्रतियोगिता में 16 प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया था जिसमें संवेदनशील क्षेत्र जैसे रेडडी, कोटेर, बोरजे, मेटापाल,गोंगला के खिलाड़ी जिला मुख्यालय पहुंचे। खिलाड़ियों के ठहरने , खाने-पीने की व्यवस्था जिला प्रशासन के द्वारा किया गया था। आज खिलाड़ियों ने भारी बारिश में भी मैदान में अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी पंसद के खेलों में अपना जौहर दिखाया। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम एवं जनप्रतिनिधियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार की राशि 1000 रुपए द्वितीय 750 रुपये, तृतीय 500 रुपये खिलाड़ियों को उनके खाते में सीधा हस्तांतरित किया जाएगा। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को संरक्षित करने और आगे बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरुआत की गई है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को लेकर सभी लोगों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं में इन खेलों में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। गांव-गांव में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है। महिलाओं ने भी इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती बोधी ताती, जनपद उपाध्यक्ष श्री सोनू पोटाम, खेल अधिकारी श्री दिलीप उईके सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### ओडिशा के मलकानगिरी के अलग-अलग जगहों से आरोपी किए गए गिरफ्तार



**सुकमा, 23 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा जिला के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के मार्ग-दर्शन एवं अतिक्ति पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौरव मण्डल के निर्देशन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा परमेश्वर तिलकवार के पर्यवेक्षण में मादक पदार्थो की तस्करी एवं अप्रिय घटना के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर दिनांक 21.08.2023 को थाना सुकमा से निरीक्षक राकेश यादव थाना प्रभारी के नेतृत्व में ओडिशा पुलिस से समन्वय स्थापित कर 376 भादवि. एवं मादक पदार्थ प्रकरणों के 02 स्थायी वारंटी आरोपियों को किया गया गिफ्तार जिसमे ठोकलू पिता सागू निवासी गोलगुड़ा थाना पोडिया जिला मलकानगिरी (ओडिशा) माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 514/96 धारा 363, 366, 376, भादवि.2 विप्लव मंजुमदार पिता प्रफुल्ल मजुमदार उम्र 52 वर्ष साकिन ग्राम एम. पी. व्ही. 32 आरक्षी केन्द्र कालीमेला जिला मलकानगिरी (ओडिशा) माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 96 / 92 धारा 20 (ख) मादक पदार्थ अधिनियम, को दिनांक 21.08.2023 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।विदित हो कि माननीय न्यायालय के 02 अलग-अलग प्रकरण क्रमांक 514/96 धारा 363, 366, 376, भादवि के फरार चल रहे वारंटी आरोपी लखमू पिता जोगा साकिन गोलगुड़ा थाना पोड़िया जिला मलकानगिरी (ओडिशा), एवं प्रकरण क्रमांक 61 / 91 धारा 20 (ख) में फरार चल रहे वारंटी आरोपी नेपाल मिस्त्री पिता जादीप मिस्त्री साकिन एम.पी. व्ही. 64 थाना कालीमेला जिला कोरापुट (ओडिशा), की मृत्यु हो जाने से उक्त आरोपियों की मृत्यु के संबंध में माननीय न्यायालय को तामिल कराया गया।इस सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक राकेश यादव थाना प्रभारी सुकमा सउनि नीतिश सरकार, प्रआर. लक्ष्मण नाग, संजय नेताम, सोड़ी हिड़मा एवं महिला आरक्षक उर्मिला यादव, संतोषी नेताम का विशेष योगदान रहा।

## समाचार संक्षेप

### विस्फोटक सामग्री सहित कड़ेनार जनताना सरकार अध्यक्ष गिरफ्तार



**बीजापुर, 23 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान दिनांक 21-08-2023 को डीआरजी और केरिपु 85वी बटालियन की संयुक्त टीम ग्राम कड़ेनार, घुमरा, चेरकंटी, भोगामगुड़ा की ओर गश्त सर्चिंग पर रवाना हुई थी।अभियान के दौरान ग्राम गुमरा कड़ेनार में एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भाग रहा था, जिसे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदिग्ध व्यक्ति से पुछताछ करने पर उसने अपना नाम पत्तू उर्फ पप्पू (कड़ेनार जनताना सरकार अध्यक्ष) पिता मुसा उर्फ मासा ताती, उम्र 33 वर्ष साकिन कड़ेनार थाना बीजापुर, जिला द्बबीजापुर का होना बताया। संबंधित के पास रखे थैला को चेक करने पर थैले से विस्फोटक सामग्री टिफिन बम 01 नग, डेटोनेटर 02 नग, कोर्डेक्स वायर लगभग 05 मीटर, सेप्टि फ्यूज लगभग 05 मीटर, जिलेटिन स्टीक 03 नग, बैटरी 02 नग, बिजली वायर लगभग 20 मीटर रखे होना पाया गया माओवादी पत्तू ताती के विरूद्ध थाना कोतवाली बीजापुर में 01 स्थायी वारंट लंबित है । उक्त पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना बीजापुर द्वारा वैधानिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

### तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**बीजापुर, 23 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिला इकाई द्वारा जिला बीजापुर में आज छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों के विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण हेतु माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में राज्य के कर्मचारियों द्वारा हाल ही में महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता का आदेश कर्मचारी हित में जारी करने के कारण मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया और साथ ही प्रदेश के लिपिक एवं अन्य संवर्ग के कर्मचारियों की वेतन विसंगति तथा पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करते हुए कर्मचारी हित के सिफारिसों को लागू करने की मांग रखी। सेवानिवृत्ति पर अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन मध्य प्रदेश की भांति देने, नव नियुक्त कर्मचारियों का 3 वर्ष सेवा अवधि में 70, 80, 90त्न मिलने वाली स्टाइपेंड की बाध्यता समाप्त कर सेवा अवधि से पूर्ण वेतन पूर्व की भांति प्रदान करने,साथ ही कांग्रेस की जन घोषणा पत्र 2018 के अनुसार समस्त अधिकारी कर्मचारियों को सेवा काल में चार स्तरीय वेतनमान के आदेश करने , व्याख्याता, प्रधान पाठक, माध्यमिक शाला से प्राचार्य पदोन्नति को विधानसभा चुनाव के पूर्व आदेश करने और इसके अलावा हाल ही में मुख्यमंत्री जी की घोषणा अनुरूप प्रदेश के पटवारियों को संसाधन भत्ता ?500 प्रदाय करने का आदेश अभिलंब जारी किया जावे। इन सभी 6 मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने हेतु जिला अध्यक्ष बीरा राजबाबू के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्ष बृजलाल पुजारी, बेमर सिंह नाग,रेणुका नेताम फेडरेशन के सचिव कैलाश रामटेके, सी.वेंकटेश्वर, रेशमा गोड्डे, सोनाधर मांझी, लिपिक संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पसपुल , प्रवीर बोज्जी, संतोष इमडी,रघु तलांडी ,संगीता जरमिया, राधा उप्पल , के.जी.महेश्वर, मिथलेश नीलम श्रवण रापर्ती, उमेश लिंगम, विजय कुडियम सहित विभिन्न विभाग के कई कर्मचारी ज्ञापन सौंपने भोजन अवकाश में जिला कार्यालय पहुंचे तथा डिप्टी कलेक्टर विकास सार्वे जी को उक्त ज्ञापन सौंपा।

### सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ हितग्राही कार्ड बांटे गए



**बीजापुर, 23 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज ग्राम पंचायत मूरदंण्ड में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव वा उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर माननीय श्री कमलेश कारम जी ने छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल जी की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं को लोगों के बीच पहुंचाने के लिए ग्राम में भूपेश है तो भरोसा है हितग्राही कार्ड का वितरण किया गया। ग्राम वासियों को हितग्राही कार्ड का वितरण करते हुए राज्य शासन के योजनाओं की जानकारी दी गई।कमलेश कारम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार की योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाने के लिए घर-घर दस्तक देकर हितग्राही कार्ड का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष सुश्री अनीता तेलम जी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री सुकलू पुनेम जी, श्री राजेश वासम जी,उपाध्यक्ष श्री तिरूपति भंडारी जी,जनपद उपाध्यक्ष श्री श्रीनिवास जी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रत्न सोढ़ी जी,श्री वीरेंद्र वासम जी, सरपंच श्रीमती मीनाक्षी जी, सरवर अंसारी जी,शंकर खटबिना जी, श्री परीक्षित केजी जी,विनोद तालुकदार जी, श्रवण चापडी, पूर्व सरपंच जीवन कलमू जी,सुमन कोप्पुल,रमेश सोढी जी, राजू नोह्मी, मारैया कडती ,कैलाश बोडके,नागेश बोडके ,मनोज यालम,गोपाल बुरका,गौरैया मडकम,नारायण ककेम,गोविंद ,प्रमिला काका,अजय झाड़ी,पवन जुमडे,एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी एवम युवा कांग्रेस के कार्यकता उपस्थित रहे।



**एर्राबोर, कोंटा ।** बालिका आश्रम पहुँच आश्रम की अधीक्षिका से जानकारी लेते हुए बालिका की संख्या, खान-पान, रहने आदि के बारे में जानकारी ली। मंत्री जी को देख सभी बच्चों ने खुशी जाहिर करते हुए फ़ोटो खिंचवाने की बात की साथ ही बच्चों ने मंत्री जी के पूछे सवाल का जवाब दिया। बच्चों के द्वारा हॉस्पिटल और अतिरिक्त कक्ष की मांग कही गयी, जिसको ध्यान में रखते हुए मंत्री जी ने समाधान करते हुए बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आदेश दिया गया।


माननीय भूपेश बघेल जी को
जन्मदिन की बहुत-बहुत
बधाई एवं शुभकामनाएं
23 अगस्त
Happy Birthday
अंबेडकर जोशी
सरपंच-कापसी
ग्राम पंचायत- कापसी ,विकासखंड-पाटन,जिला दुर्ग (छ.ग.)


माननीय भूपेश बघेल जी को
जन्मदिन की बहुत-बहुत
बधाई एवं शुभकामनाएं
23 अगस्त
Happy Birthday
पूर्णिमा वर्मा
सरपंच-देमार
आशीष वर्मा
ओएसडी-पाटन
देवेंद्र चंद्रवंशी
जनपद उपाध्यक्ष
ग्राम पंचायत- देमार ,विकासखंड-पाटन,जिला दुर्ग (छ.ग.)


माननीय भूपेश बघेल जी को
जन्मदिन की बहुत-बहुत
बधाई एवं शुभकामनाएं
Happy Birthday
23 अगस्त
जवाहर चंद्राकर
सरपंच- चीचा,पाटन
संतोष साहू
उपसरपंच- चीचा,पाटन
आशा
सचिव-चीचा,पाटन
पंकज चंद्राकर
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-चीचा,विकासखंड-पाटन,जिला दुर्ग (छ.ग.)


माननीय भूपेश बघेल जी को
जन्मदिन की बहुत-बहुत
बधाई एवं शुभकामनाएं
Happy Birthday
23 अगस्त
उर्वशी वर्मा
सरपंच-देवादा
महेन्द्र वर्मा
पाटन ब्लाक अध्यक्ष एवं
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-देवादा,विकासखंड-पाटन,जिला दुर्ग (छ.ग.)


माननीय भूपेश बघेल जी को
जन्मदिन की बहुत-बहुत
बधाई एवं शुभकामनाएं
Happy Birthday
23 अगस्त
नीलेश गनीर
सरपंच-ग्राम पंचायत गोड़पेंड्री
जामवंत वर्मा
सचिव-ग्राम पंचायत -गोड़पेंड्री
राजेन्द्र देशलहरे
रोजगार सहायक- गोड़पेंड्री
ग्राम पंचायत-गोड़पेंड्री,विकासखंड-पाटन,जिला दुर्ग (छ.ग.)


मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई
भोजेन्द्र कुमार चंद्राकर
सरपंच
खिलावान सिंह चंद्राकर
उपसरपंच
मा. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री
Happy Birthday
धनेश कुमार सोनवानी
सचिव
धनेश्वर गोस्वामी
रोजगार सहायक
23 अगस्त
ग्राम पंचायत गुढ़ियारी,विकासखंड-पाटन,जिला दुर्ग (छ.ग.)

# राजनांदगांव विस से युवा आयोग अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने आवेदन प्रस्तुत किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने आज अपने समर्थकों के साथ विधानसभा चुनाव में राजनांदगांव से अपनी दावेदारी के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कांग्रेस कार्यालय पहुंचे मुदलियार के साथ रैली की शक्ल में शहर व ग्रामीण क्षेत्र के समर्थक बड़ी तादाद में मौजूद थे।

कांग्रेस संगठन ने 17 से 22 अगस्त तक विधानसभा के लिए दावेदारों का आवेदन जमा करने की प्रक्रिया शुरु की है। इस प्रक्रिया के तहत संगठन युवा आयोग अध्यक्ष मुदलियार ने भी आज दोपहर 2 बजे फॉर्म जमा किया है। शहर उत्तर मंडल अध्यक्ष आसिफ अली जैन ने उनका आवेदन लिया। वे वरिष्ठ नेताओं और समर्थकों के साथ ही कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे। आवेदन प्रस्तुत करने के बाद युवा आयोग अध्यक्ष मुदलियार ने कहा कि ङ्क इस बार कांग्रेस 75 का आंकड़ा पार करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने लोगों का भरोसा हासिल किया है। इसी भरोसे के दम पर कांग्रेस दोबारा सत्ता में वापसी करेगी। उन्होंने कहा कि ङ्क पार्टी ने हर कार्यकर्ता को टिकट मांगने का अवसर दिया है। कांग्रेस अकेली ऐसी राष्ट्रीय पाटी है जिसमें सभी को समान अधिकार मिलते हैं। उन्होंने कहा कि ङ्क पार्टी



जिसे भी प्रत्याशी चुने सभी मिलकर उसकी विजयश्री सुनिश्चित करेंगे। भूपेश सरकार का भरोसा और हमारी मेहनत के बूते 15 साल के अंतराल के बाद कांग्रेस राजनांदगांव में जीत हासिल करके रहेगी। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, जनपद सदस्य टींकू साहू, मोहनीश धनकर, ललिता डोमार साहू, ललित टार्जन साहू, दक्षिण ब्लॉक प्रदेश प्रतिनिधि गोपीचंद गायकवाड़, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव चेतन भानुशाली, एनएसयूआई प्रदेश सचिव आदित्य वैष्णव, अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष राजिक सोलंकी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष एनी माखिजा, झम्मन देवांगन, जिला ओबीसी अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, शहर ओबीसी अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, सिंधी अकादमी बोर्ड सदस्य अशोक पंजवानी, इकरामुद्दीन सोलंकी, मामराज अग्रवाल, कमलजीत पिंटू, दिनेश भानुशाली, प्रेम रूपचंदानी, सुजीत दत्ता बाप्पी, महेंद्र बहादुर सिंह, रसीद खान, सीताराम श्रीवास, क़ादिर बड़गुजर, चुम्मन निषाद, सरपंच पप्पू साव, चेतन चंद्राकर, चंपा चंद्राकर, नितिन बत्रा, कादिर खान, हेमचंद यादव, अमित कुशवाहा, राकेश चंद्राकर, रितेश थॉमस, नरेश साहू, साकुर चौहान, भगवानदास सोनकर, महेश यादव, निक्कू पांडे, आशीष साहू, तारा साहू, बिल्लू साहू, आकाश गुप्ता, अनूप यादव, महेश यादव, नरेश साहू, रौशन सोनकर, राज ख़ान, साहिर ख़ान, निलेश पटेल, राहुल साहू, दिलू साहू, लेकु यादव, गजेंद्र सिंह राजपूत, सोनू साहू, मनीष सावरकर सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# भाटापारा विधानसक्षा क्षेत्र के लिए राधेश्याम शर्मा ने आवेदन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 23 अगस्त।** विधानसभा चुनाव 2023 की सरगर्मी अब शुरू हो चुकी है इसी के चलते सोमवार शाम भूतपूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय,पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस समाजसेवी सभी वर्गो मे लोकप्रिय राधेश्याम शर्मा ( फग्गा महराज ) ने अपने सैकडो समर्थको के साथ बाजे गाजे के साथ कांग्रेस भवन पहुंचे और कांग्रेस पार्टी से विधानसभा चुनाव के लिए अपनी दावेदारी का आवेदन शहर ब्लाक अध्यक्ष विनोद अग्रवाल को दिया ।इसके पूर्व राधेश्याम शर्मा शहर के मुख्य मार्ग से अपने समर्थको के साथ भ्रमण करते हुए कांग्रेस भवन पहुंचे और अपनी दावेदारी प्रस्तुत की इस दौरान उनके समर्थकों मे जबरदस्त उत्साह का माहौल रहा समर्थको के द्वारा कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते रहे इस दौरान मुख्य रूप से देवेन्द्र भृगु, नरेन्द्र भूषाणिया, पालक संघ के सोनू शर्मा पटाक,हेमंत उपाध्याय, डा. विमल त्रिपाठी ,किशोर रजक,जित्तू तिवारी, मनोज जैन,कामदेव खुटे,सनमत बंजारे,राजू रात्रे,विष्णुप्रसाद जोशी,गोलू गेंडरे,सूर्यबली दिवाकर,पवन साहू,पुनाराम ध्रुव,अशोक साहू,राजू साहू, दुर्गेश तिवारी,संजय ठाकुर, सहित सैकडो की तादाद मे



एक ही रंग के परिधान मे उनके समर्थक शामिल रहे ।राधेश्याम शर्मा की रैली कुंदन भवन से निकलकर गोविंद चौक रामसप्ताह चौक जय स्तंभ चौक होते कांग्रेस भवन पहुंची इस दौरान कई स्थानो पर उनका श्रीफल, दुपट्टा देकर सम्मान भी किया गया दूसरी ओर शाम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के प्रथम नगर आगमन के दौरान सुभाष बाजार हाई स्कूल के पास अपने सैकडो समर्थको के साथ राधेश्याम शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया इस दौरान शर्मा के समर्थक एक ही ड्रेस मे देखे जिसे देख दीपक बैज ने उनकी प्रशंसा भी की ।

## एक नजर

### भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर में प्राणी शास्त्र परिषद का गठन



**कांकेर 23 अगस्त।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के मार्गदर्शन में प्राणीशास्त्र परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई। एम.एस.सी. प्राणीशास्त्र प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कल्याणी सिन्हा, अध्यक्ष निकेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष कमलकांत जैन सचिव, पूजा ठाकुर, को कोषाध्यक्ष के पद के लिए मनोनित किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य, डॉ सरला आत्राम ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई तथा परिषद के मुख्य उद्देश्यों की पूर्ति हेतु छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष सुमिता पाण्डे ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा परिषद के अगामी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। प्राणीशास्त्र विभाग के द्वारा आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं- गरिमा साहू प्रथम, नौशिन नबा, द्वितीय कक्षा रसायनशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर एवं राहूल सोरी बी.एस.सी द्वितीय वर्ष को तृतीय स्थान के पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में परिषद के प्रभारी प्रो. आशीष नेताम ने अभार प्रकट किया इस अवसर पर डॉ. नेलसन खेस, प्रो. ऋचा संगने, डॉ. शर्मिला सोनी सहित एम.एस.सी. प्राणीशास्त्र के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थिति थें।

### रमेशपांडेय ने दावेदारी पेश कर जीत का दिलाया भरोसा

**अंवरी 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के द्वारा सभी विधानसभा के उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन17से22अगस्त तक ब्लाक अध्यक्ष के माध्यम से लिया जा रहा है । जिसके तहत कुरुद के युवा नेता प्रखर प्रवक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष विधि कांग्रेस अधिवक्ता रमेश पांडेय ने अपने समर्थकों के साथ ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा को अपनाआवेदन सहित बायोडाटा पेश किया है । इस विषय पर चर्चा के दौरान श्री पांडेय ने कहा कि आवेदन देने हेतु कांग्रेस के समर्पित निष्ठावान कार्यकर्ता और जीतने योग्य प्रत्याशी होना कमेटी ने तयकिया है जिसके दायरे में वो आते हैं। योग्य पढ़े लिखे स्थानीय लोकप्रिय युवा को अवसर देने से कांग्रेस की जीत तय होगी कांग्रेस सरकार से जनता खुश हैं अब की बार फिर से जनता कांग्रेस को सत्ता में देखना चाहती है । श्री पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेसमास्टर ट्रेनर के रूप में15विधानसभा में ट्रेनिग देने के लिए पहुचे जहाँ लोगो का उत्साह और सरकार के कार्यो से मिल रहे लाभ से जनता ने पुनः कांग्रेस के ऊपर भरोशा जताने के मन बनाया है।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का जोरदार स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 23 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज के प्रथम नगर आगमन पर जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जिला अध्यक्ष अभिषेक मोदी ,कांग्रेस उम्मीदवार राजा तिवारी सचिव जिला कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष मनमोहन कुर्रे विधानसभा अध्यक्ष मोहन निषाद,अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी प्रदेश सचिव अदील चनीज,जिला मीडिया प्रभारी फैजान अहमद,प्रदेश सचिव आकिब मेंमन, व साथियो के द्वारा बाजे गाजे आतिशबाजियों के साथ किया गया भव्य स्वागत ततपश्चात बाइक रैली के रूप में प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष को कांग्रेस भावन तक लाया गया जहाँ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रत्यासी चाहे जितने भी हो टिकट केवल एक को ही मिलना है और सभी दावेदारों को एक जुट होकर उसे जिताने के लिए काम करना है 20 लोगो की कमिटी बना कर महीने में बैठक कर जितने के उद्देश्य से बिंदु वार कार्य



करना है और जमीनी स्तर पर जा के राज्य सरकार की उपलब्धियों को बताना है यदि हर बूथ अध्यक्ष और सैक्टर,व जोन कमेटी अपने क्षेत्र पर कार्य करे तो जीत निश्चित है जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने उपस्थित जनों को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करते कांग्रेस प्रत्यासी को जीताने पर जोर देने कहा । मुख्य रुप सभापति रोहित साहू,बलोदा विधानसभा उपाध्यक्ष युवका दुर्गेश साहू,ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष कौशल साहू,राजा खान,सरपंच लखेश्वर वैष्णव, उप सरपंच खुमेश साहू,ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी साहू,ग्रामीण ब्लॉक महामंत्री अभय देवांगन,महासचिव सद्दाम खान,जिला उपाध्यक्ष एन एस यू आई अमित मारकंडे,जिला महासचिव शादाब जालियावाला,एन एस यू आई विधानसभा अध्यक्ष हरीश लहरे, साल,मंसूर खान,नदीम भाटी, शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष शशांक चौबे,जिब्राइल, विष्णु भाट, वसीम अख्तर,,ऐश्वर्य निहाल,गोलू भट, आदित्य निहाला, रवि,विजय महिलांगे,दिलीप वर्मा,रवि मारकंडे,अरुण मारकंडे,अजय धरु,राजेन्द्र, रोशन, प्रकाश मानिकपुरी,दिलीप वर्मा,सत्तू मानिकपुरी,आदि सैकड़ो शहर व ग्रामीण जन उपस्थित रहे,,।

# कांकेर विधानसभा के लिए पूर्व विधायक शंकर धुर्वा ने आवेदन देकर अपनी उम्मीदवारी पेश की

**कांकेर 23 अगस्त।** कांकेर विधानसभा से कांग्रेस के विधानसभा चुनाव के तैयारी को लेकर पूर्व विधायक शंकर धुर्वा के द्वारा कांकेर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष मनोज जैन एवं कांकेर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष रोमनाथ जैन को अपना आवेदन पत्र सौपा जी बता दे शंकर धुर्वा 2013 में कांग्रेस से विधानसभा क्षेत्र कांकेर में विधायक भी चुने गए थे, एवं नरहरपुर जनपद पंचायत में अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्तमान में अभी जिला सहकारी बैंक बस्तर संभाग जगदलपुर के अध्यक्ष भी हैं। कांग्रेस पार्टी से लगभग कई सालों से अपनी सेवा कांग्रेस पार्टी में प्रदान कर रहे हैं अंत में उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी मुझे कांकेर विधानसभा से अधिकृत प्रत्याशी बनती है तो निश्चित ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के चलते एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद से विजयश्री को प्राप्त करूंगा। इस अवसर पर उपस्थित रहे कांग्रेस के कार्यकर्ता यासीन करणी ,अजय रेणु, नेवरोतम पटेल, मकबूल खान ,शहर अध्यक्ष मनोज जैन, सुनील गोस्वामी, ग्रामीण अध्यक्ष रोमनाथ जैन, मुकेश तिवारी, राजेंद दुबे ,शेष गजभिए, विधानसभा अध्यक्ष युवक कांग्रेस खोमेंदर यूके, सुरेश नाग , तेरंद भंडारी, प्रीतम पुरषोत्तम पाटिल, लोचन ठाकुर शोरी पार्षद एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता भारी मात्रा में उपस्थित थे।



# सैकड़ों कांग्रेसियों ने किया भाजपा प्रवेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 23 अगस्त।** पूज्य राजागुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब जी, गुरु सौरभ साहेब जी गुरु खुशवत साहिब और लेमिक्षा गुरु डहरिया नगर पालिका अध्यक्ष तिल्दा नेवरा, देवराज जांगड़े जनपद सदस्य आरंग,दिनेश्वरी यशवंत टंडन जनपद सदस्य आरंग एवं विनोद साहू युवा शक्ति आरंग के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभरी ओम प्रकाश मथुरा भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा रमन सिंह , प्रदेश अध्यक्ष अरुण शाव एवं वरिष्ठजनो की उपस्थिति में बीजेपी कार्यालय में बीजेपी में प्रवेश हो गया ।

**कांग्रेस को करारा झटका लगा :** कांग्रेस को इन के प्रवेश से करारा झटका लगा है कारण पिछला चुनाव में करीब दस सीट पर गुरु के कारण जीत मिली लेकिन सरकार बनने के बाद सतनामी समाज उपेक्षित रहा और इस कारण तिल्दा नेवरा ही नही प्रदेश के कांग्रेसी मायू स दिख रहे है।

**नगर पालिका में बीजेपी के बल्ले बल्ले:** नगर पालिका में इस वक्त बीजेपी के तेरह पार्षद है और अध्यक्ष बीजेपी में आने से भारी बहुमत है कुल 14 मेंबर है और उपाध्यक्ष पहले से है स्पष्ट बहुमत होने नगर में विकास की रफ्तार और बढ़ने वाली है



**बीजेपी ने किया स्वागत:** स्थानीय बीजेपी के कार्यकर्तोओ गुरु बाल दास साहेब सहित नगर पालिका अध्यक्ष के बीजेपी प्रवेश पर बधाई देते हुए स्वागत किया है

**गुरु खुशवंत को युवा वर्ग का समर्थनः** ।तिल्दा नेवरा बीजेपी के लिए कल का दिन बहुत शुभ रहा कारण नए युवा भी बीजेपी में गुरु के साथ समल्लित हुए है सेकडो की संख्या में कांग्रेसी के बीजेपी में प्रवेश हुवा जिसका। अभी वर्गो ने बधाई दी है।

### भाजपा प्रदेश मंत्री की उपस्थिति में किया गया लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन

**कसडोल 23 अगस्त।** भाजपा प्रदेश संगठन के आव्हान पर प्रदेश के सभी मंडलो में शक्ति केन्द्र स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत आज भाजपा मंडल कसडोल के शक्तिकेंद्र बूथ क्रमांक 138, 139, 140 व 141 की बैठक बगदेवी मंदिर परिसर कसडोल में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में श्याम बाई साहू प्रदेश मंत्री भाजपा उपस्थित रही। सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के स्वर्णिम 9 साल के जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ के लाभार्थी लोगो के समक्ष रखा गया एवं राज्य सरकार की विफलताओं को बताया गया। भाजपा छ.ग के प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ,कसडोल शक्ति केंन्द्र प्रभारी एवं मंडल महामंत्री डॉ.सुदीप मानिकपुरी,बूथ अध्यक्ष तुमनाथ साहू , हृदय जायसवाल , राजेंद्र श्रीवास ,गोपाल साहू ,विनोद बंजारे सहित भाजपा कार्यकर्ता व लाभार्थीगण उपस्थित रहे।



# खुज्जी विधानसभा सीट से चुम्मन साहू ने किया आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के बीच राजनीति का बाजार काफी गरम हो चुका है। वहीं राजनांदगांव जिले के खुज्जी विधान सभा क्षेत्र के लिए विभिन्न पार्टियों से लोग अपनी किस्मत आजमाने विभिन्न माध्यमों से हाई कमान से संपर्क कर टिकिट की दावेदारी कर रहे हैं । भाजपा के द्वारा गीता घासी साहू का नाम घोषित कर दिया है वहीं सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के द्वारा तिथि निर्धारित कर ब्लाक अध्यक्षों के माध्यम से टिकिट हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है । इस बीच खुज्जी विधानसभा से चुम्मन साहू ने सोमवार को अपने समर्थकों के साथ विश्राम गृह पहुँच कर ब्लाक अध्यक्ष रितेश जैन के माध्यम से विधिवत टिकिट हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। विदित हो चुम्मन साहू छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे हैं वहीं उनका पूरा परिवार का कांग्रेस पार्टी पर अटूट आस्था रहा है। वर्तमान मे कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री व जनपद सदस्य एवम पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अपने सादगी पूर्ण मिलनसार व्यक्तित्व बेदाग चेहरा के लिए क्षेत्र मे जाने जाते हैं।वर्तमान मे राजनैतिक दलों द्वारा जीत के दांव पेंच में जिस प्रकार स्वच्छ चेहरा की तलाश की जा रही है क्षेत्र के जानकार इनकी दावेदारी को काफी पर्फेक्ट मान रहे हैं, जिस प्रकार खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में सभी समाज से इनका व्यक्तिगत संबंध हैं, इसे देखते हुए कांग्रेस पार्टी से नया चेहरा के रूप में चुम्मन साहू का नाम हो सकता है।चुम्मन साहू खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए हर गाव में जाकर बूथ स्तर में मीटिंग लेकर पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं हर सुख दुख में पहुँच जाते हैं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में आमजनता के बुलावे पर चुम्मन साहू हर सुख दुख में सम्मिलित होते हैं।




## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)
Email-ID:ee-res.kondagaon@nic.in, Fax & Ph. No.-07786-242243

**मैनुअल पद्धति वर्ष 2023-24 हेतु सूचना क्रमांक-26 (छठवां दौर)**

**जोनल निविदा आमंत्रण**

क्रमांक/26/व.ले.लि./नि.प्र./ग्रा.यां.सेवा/2023 कोण्डागांव, दिनांक 21/08/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी'एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है सभी कार्यों की जोनल निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 29.08.2023 शाम 5.00 बजे तक।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | रू. 10.00 लाख से कम लागत के विभिन्न निर्माण भवन/मंच/पुलिया/बाउंड्रीवाल/नाली/सड़क एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य- | |
| | वि.ख. कोण्डागांव जोन क्रमांक-01(भाग-2) | 35.00 |
| | वि.ख. कोण्डागांव जोन क्रमांक-02(भाग-2) | 35.00 |
| | वि.ख. कोण्डागांव जोन क्रमांक-03(भाग-2) | 35.00 |
| | वि.ख. माकड़ी जोन क्रमांक-01(भाग-2) | 35.00 |
| | वि.ख. माकड़ी जोन क्रमांक-02(भाग-2) | 35.00 |
| | वि.ख. फरसगांव जोन क्रमांक-01(भाग-2) | 35.00 |
| | वि.ख. फरसगांव जोन क्रमांक-02(भाग-2) | 35.00 |
| | वि.ख. केशकाल जोन क्रमांक-01(भाग-2) | 35.00 |
| | वि.ख. केशकाल जोन क्रमांक-02(भाग-2) | 35.00 |
| | वि.ख. बड़ेराजपुर जोन क्रमांक-01(भाग-2) | 35.00 |
| | वि.ख. बड़ेराजपुर जोन क्रमांक-02(भाग-2) | 35.00 |
| 2 | उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in दिनांक 23.08.2023 से देखी एवं डाऊनलोड की जा सकती है। | |

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-कोण्डागांव,

जी- 04489/5


### विभिन्न समाज के प्रमुखों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जाकर

# पंकज शर्मा ने रायपुर ग्रामीण से विधानसभा चुनाव लड़ने पेश की दावेदारी

**रायपुर 23 अगस्त।** जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा से दावेदारी पेश की है। पंकज शर्मा रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विभिन्न समाज के प्रमुख कांग्रेस जन एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन के उपस्थिति में अपना आवेदन दिये बीरगांव महापौर निगम मंडल एवं आयोग सदस्य सभापति सरपंच पंच पाषर्दगढ़ एल्डरमेन युवा कांग्रेस एनएसयूआई महिला कांग्रेस राजीव मितान क्लब आईटी सेल कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने हेतु अपनी दावेदारी पेश की है और अपने क्षेत्र के चारो ब्लॉक अध्यक्षों को अपना आवेदन दिया। ब्लॉक अध्यक्षों श्री योगेंद्र सोलंकी, श्री सहदेव व्यवहार, श्री माधव साहू,श्री दुर्गेश वर्मा को अपना आवेदन देने के उपरांत पंकज शर्मा ने कहा कि, ÷रायपुर ग्रामीण परिवार ने आज तक जो विश्वास मुझपर दिखाया है, उसी की बदौलत आज एक कदम आगे बढ़ाते हुए रायपुर ग्रामीण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने की मंशा से आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी बनाए जाने के लिए आज पार्टी कार्यालय में चारों ब्लॉक अध्यक्षों के समक्ष आवेदन किया है। कांग्रेस पार्टी के एक ज़मीनी कार्यकर्ता के रूप में रायपुर ग्रामीण परिवार के साथ मैं पीछले 15 वर्षो से



जुड़ा रहा हूँ। हमारे परिवार ने यह तय किया था कि चुनावी राजनीति में हमारे परिवार से सिर्फ एक व्यक्ति रहेगा। जब तक मेरे पिता चुनावी राजनीति में रहे तब तक मैंने कभी भी चुनावी राजनीति में अपनी दावेदारी पेश नहीं की, आज मैनें सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का आशिर्वाद लेकर रायपुर ग्रामीण विधानसभा से अपनी दावेदारी पेश की है। अगर कांग्रेस पार्टी का शिर्ष नेतृत्व मुझे मौका देता है, तो मैं रायपुर ग्रामीण से विधानसभा का चुनाव दमदारी से लड़ूंगा।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग के लिए न्याय करने हेतु अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है और इससे ना केवल आम जनता के दिलों में स्थान पाया है, बल्कि प्रदेश के सभी वर्गों के लोगों के जीवनस्तर में सुधार किया है।

रायपुर ग्रामीण विधानसभा में भी मुख्यमंत्री आदरणीय श्री भूपेश बघेल जी और माननीय सत्यनारायण शर्मा जी के आशिर्वाद से बहुत सारे विकास के कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार का हिस्सा बनकर मैं भी प्रदेश के विकास में अपना योगदान देना चाहता हूं, विशेषकर रायपुर ग्रामीण के विकास में। मुझे विश्वास है कि रायपुर ग्रामीण परिवार की पूरी जनता ने जिस तरह माननीय सत्यनारायण शर्मा जी के प्रति अपना विश्वास जताया है, उतना ही प्रेम, आशीर्वाद और स्नेह मुझ पर लुटायेगी और हम सभी साथ मिलकर क्षेत्र को विकास की तरफ अग्रसर करेंगे।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर(छ.ग.)
Office Phone No. 07782-222224, 223443 Email ID- eejag-phe-cg @nic.in

**"ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना"**

नि.क्र. 402-406/ज. जी. मि./ नि.प्र./का.अ./ लो-स्वा-यॉ. ख. /2023 जगदलपुर, दि. 16.08.2023

जिला बस्तर के विभिन्न विकासखण्डों के अंतर्गत विभिन्न ग्राम हेतु जल जीवन मिशन के तहत निम्न ग्राम में एकल समूह / रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना कार्य के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "ए" में प्रतिशत दर पर आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। (निविदा कार्य में प्रमुख अभियंता लो.स्वा.या. विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील एवं निविदा के सम्मुख दर्शाये गये तिथी तक समस्त संशोधन सहित लागू होगा। यह कार्य रिस्क एण्ड कॉस्ट पर आधारित है. इस कार्य में पूर्व के ठेकेदार जो इस कार्य को सम्पादित नहीं किये निविदा में भाग लेने के पात्र नहीं होगे ।)


| स. क्र. | निविदा सूचना क्रमांक | सिस्टम निविदा क्रमांक | विकासखण्ड/ ग्राम का नाम | रिस्क एण्ड कॉस्ट पर आधारित पूर्व निविदा आमंत्रण दिनांक | अनुानित लागत (रू.लाख में) | अमानत राशि (रू.में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 402/16/08/2023 | 144614 | बास्तानार/छोटेकिलेपाल (3rd Call) | 10.01.2022 | 69.17 | 51876/- |
| 2 | 403/16/08/2023 | 144620 | जगदलपुर/करकापाल (4th Call) | 20.08.2021 | 26.84 | 20130/- |
| 3 | 404/16/08/2023 | 144646 | तोकापाल/छोटेमोरठपाल (2nd Call) | 16.12.2021 | 2.88 | 2158/- |
| 4 | 405/16/08/2023 | 144655 | तोकापाल/दुगनपाल (1st Call) | 06.11.2021 | 42.98 | 32235/- |
| 7 | 406/16/08/2023 | 144656 | बास्तानार/नाकटोका (1st Call) | 21.03.2022 | 21.89 | 16418/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निदिदा स.क्र. 01 से 03 तक दिनांक 02.09.2023 एवं स.क्र. 04 व 05 दिनांक 05.09.2023 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:\\eproc.cgstate.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जगदलपुर (छ.ग.)

जी- 04481/5













कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23